@Qpatrika @qaumipatrikahindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

शनिवार, 11 जनवरी 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 62 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## यहां मिशन लेकर आएं महात्वाकांक्षा नहीं: पीएम मोदी

नई दिल्ली, 10 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में अपना एक मिशन लेकर आना चाहिये ना कि महात्वाकांक्षा के साथ। बता दें कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू था, जिसे जोरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने लिया है। उन्होंने



गुरुवार को इस पॉडकास्ट का ट्रेलर लांच किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट इंटरव्यू में बतौर पीएम अपने कार्यकाल, दुनिया के वर्तमान हालात और अपने व्यक्तिगत द्रष्टिकोण के साथ ही भारत के रुख और युवाओं की राजनीति में भागीदारी पर खुलकर बात की। इस पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा कि ये मेरा पहला पॉडकास्ट है, पता नहीं जनता को ये पसंद आएगा या नहीं। वहीं, उनसे जब पूछा गया कि आज के समय में अगर कोई युवा राजनीति में आना चाहे तो उसमें क्या गुण होने चाहिए। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति में निरंतर अच्छे लोग आते रहने चाहिये। युवाओं को राजनीति में मिशन लेकर आना चाहिए एंबिशन लेकर नहीं। आगे उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना तो मेरा एक भाषण था, जिसमें मैंने कहा था कि गलतियां होती हैं, ऐसा नहीं है कि गलतियां नहीं होती। सबसे होती हैं, मुझसे भी हुई है। मैं कोई देवता नहीं हूं। आगे उनसे जब पूछा गया कि आज लग रहा है कि पूरी दुनिया युद्ध से घिरी है तो प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध की इस स्थिति में मैं हमेशा से कहता रहा हूं कि हम तटस्थ नहीं है, बल्कि शांति का पक्षधर है।

# पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में निर्माण पर सुप्रीम रोक

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 10 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से चंडीगढ़ प्रशासन को चीफ जस्टिस के कोर्ट रूम के बाहर बरामदा बनाने के निर्देश पर रोक लगा दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने चंडीगढ़ प्रशासन की याचिका पर यह आदेश पारित किया। चंडीगढ़ प्रशासन का तर्क था कि इस तरह के निर्माण से चंडीगढ़ कैपिटल कॉम्प्लेक्स की यूनेस्को विरासत स्थिति प्रभावित होगी। हाईकोर्ट चंडीगढ़ कैपिटल कॉम्प्लेक्स का हिस्सा है। आदेश का पालन न करने पर चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता को हाईकोर्ट की ओर से जारी अवमानना नोटिस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। पीठ ने आदेश दिया, बरामदा बनाने के निर्देश और मुख्य अभियंता के खिलाफ अवमानना नोटिस पर रोक रहेगी। कोर्ट ने प्रशासन की याचिका पर हाईकोर्ट और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस भी जारी किया है। पिछले साल 29 नवंबर को हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को निर्देश दिया था कि वह दो हफ्ते के भीतर कोर्ट रूम नंबर 1 के सामने बरामदे का निर्माण शुरू करे और उसके बाद चार सप्ताह के भीतर निर्माण की प्रक्रिया पूरी करें। यह आदेश परिसर में बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले में पारित किया गया था। चंडीगढ़ प्रशासन का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अथॉरिटी इमारत की अंतरराष्ट्रीय विरासत की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। बरामदे का निर्माण हमारे लिए अहंकार का विषय नहीं बन सकता। मेहता ने कहा कि इसे यूनेस्को की तरफ से विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद के विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधक कमेटी की याचिका पर यह नोटिस जारी किया गया है। याचिका में मस्जिद कमेटी प्रबंधन ने मांग की थी कि जिलाधिकारी को निर्देश दिया जाए कि यथास्थिति बरकरार रखी जाए। दरअसल जिस निजी कुएं की खुदाई की जा रही है, वह मस्जिद की सीढ़ियों के पास स्थित है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया है कि वे नगर पालिका के नोटिस पर कार्रवाई न करें, जिसमें सार्वजनिक कुएं को हरि मंदिर बताया गया है और उसकी पूजा की इजाजत दी गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पूजा पर रोक लगा



दी है। हालांकि कुएं के सार्वजनिक इस्तेमाल की छूट है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने 19 नवंबर 2024 को मस्जिद के सर्वे का निर्देश दिया था। मस्जिद कमेटी की तरफ से वरिष्ठ वकील हुफैजा अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वहीं वादी पक्ष की तरफ से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन पेश हुए। जैन ने अदालत में कहा कि कुआं मस्जिद के बाहर स्थित है। वहीं अहमदी ने कहा कि कुआं आधा अंदर और आधा मस्जिद के बाहर है। अहमदी ने ये भी दावा किया कि कुआं मस्जिद के इस्तेमाल के लिए ही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुएं का इस्तेमाल अगर मस्जिद के बाहर से हो रहा है तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले के निपटारे तक सभी कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही पर रोक लगाई सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो के खिलाफ जीएसटी विभाग द्वारा जारी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के टैक्स धोखाधड़ी के नोटिस पर रोक लगा दी। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई की जरूरत है और इस दौरान गेमिंग कंपनियों के खिलाफ सभी कार्यवाही स्थगित रहेंगी।

## 100 करोड़ के घोटाले में लालू यादव और तेजस्वी यादव भी फंसेंगे: आलोक मेहता

**कौमी संवाददाता**

पटना, 10 जनवरी। प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी लगातार राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, छोटे बेटे व बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बड़ी बेटी व पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती आदि की जांच में लगी है। जब-तब पूछताछ होती रहती है। बाकी घोटालों के साथ इन दिनों रेलवे भर्ती के लैंड फॉर जॉब केस में लगातार पूछताछ चल रही है। तो, क्या ईडी आलोक मेहता के ताजा मामले में भी जांच की आंच लालू परिवार तक पहुंचेगी? इस सवाल का जवाब लोग समझना चाह रहे हैं, क्योंकि राजद विधायक और पूर्व मंत्री आलोक मेहता पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के साथ गहरे जुड़े हैं। आलोक मेहता दि वी. एस. वी. को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रहे थे। भारतीय रिजर्व बैंक से रजिस्टर्ड इस को-ऑपरेटिव बैंक में करीब 100 करोड़ का घोटाला सामने आया



था, जिसके बाद आरबीआई ने इसके कारोबार पर रोक लगा दी थी। इसमें हजारों निवेशकों के करीब 100 करो? की रकम गायब हुई थी। दो कोल्ड स्टोरेज के नाम पर 60 करोड़ का गबन और फर्जी गारंटी-कागजातों पर लोन निकासी का मामला सामने आया था। माना जा रहा है कि इस केस में आलोक मेहता की सीधी भूमिका है, इसलिए इससे जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए देशभर में उनसे संबंधित हर स्थान पर एक साथ ईडी की टीम पहुंची।

## आम लोगों के लिए खुले सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे

नई दिल्ली, 10 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर अपने दरवाजे आम लोगों के लिए खोल दिए हैं। जनहित में शीर्ष अदालत ने कार्यदिवस वाले शनिवार को गाइडेड टूर की इजाजत दी है। इसका मकसद सार्वजनिक सहभागिता और जागरूकता बढ़ाना है। इससे लोग सुप्रीम कोर्ट के बारे में अपनी जिज्ञासाओं को शांत कर सकेंगे। लोग दूसरे, चौथे और घोषित छुट्टियों वाले शनिवार को छोड़कर हर कार्यदिवस वाले शनिवार को शीर्ष अदालत के भव्य इमारत में घूम सकेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट परिसर को खोलने से आम जनता को भवन के अंदरूनी हिस्सों तक जाने और भव्य संरचना को निहारने का मौका मिलेगा। इस संदर्भ में रजिस्ट्रार महेश टी. पाटणकर (न्यायालय एवं भवन) की ओर से नौ जनवरी को एक सर्कुलर जारी किया गया। सर्कुलर में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के तहत गाइडेड टूर का दूसरे, चौथे शनिवार और घोषित अवकाशों को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को लोग सुप्रीम कोर्ट में चहलकदमी कर सकेंगे। भवन में आने के लिए चार समय तय किए गए हैं। लोग सुबह 10 बजे से 10ः30 बजे तक, 11ः30 से दोपहर एक बजे तक, दोपहर दो बजे से 3ः30 बजे तक और दोपहर 3ः30 बजे से शाम पांच बजे तक घूम सकेंगे। अधिकारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराकर तय समय पर सुप्रीम कोर्ट भवन में घूम सकेगा। गाइडेड टूर के दौरान अधिकारी लोगों को पूरा परिसर घुमाएंगे और ऐतिहासिक महत्व के हिस्सों के बारे में बताया जाएगा।

## भारत की विदेश नीति में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का योगदान: जयशंकर

भुवनेश्वर, 10 जनवरी। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को देश की विदेश नीति में एकीकृत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नारी शक्ति विषय पर प्रवासी भारतीय दिवस पैनल में बोलते हुए उन्होंने बताया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत की विदेश नीति का एक हिस्सा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विकसित भारत की दिशा में महिलाओं की भूमिका पर भी बात की। जी 20 शिखर सम्मेलन का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, जब हमने जी 20 की मेजबानी की, तब हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर जोर दिया। इसे जी20 के वैचारिक ढांचे से स्वीकार कर लिया। उन्होंने आगे कहा, हम विशेषकर दक्षिण के देशों के साथ कई सारे विकास सहयोग करते हैं। हम 78 देशों में परियोजनाओं और क्षमता निर्माण के जरिए अलग-अलग तरीके से मौजूद हैं। इस बारे में बात करते हुए कि कैसे महिलाओं का विकास आंतरिक रूप से विकसित भारत के विचार से जुड़ा है। जयशंकर ने कहा, अगर आप इन मुद्दों का समाधान नहीं करते तब तक आप विकसित भारत की तरफ नहीं बढ़ सकते हैं। यदि भारत को एक आधुनिक, औद्योगिक, तकनीक-केंद्रित समाज बनना है तो हम 50 प्रतिशत प्रतिभा की उपेक्षा नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने रोल मॉल के महत्व पर प्रकाश डाला। बता दें कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन आठ से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया गया।

# राष्ट्रपति पद की शपथ से पहले ट्रंप को बड़ी राहत

**सौरभ शर्मा**

न्यूयॉर्क, 10 जनवरी। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ से पहले बड़ी राहत मिली है। बता दें कि, सुप्रीम कोर्ट ने हश मनी केस में फैसला सुनाते हुए उनके आपराधिक चुप्पी धन मामले (हश मनी केस) में बिना शर्त बरी कर दिया गया है। इस मामले में न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन एम मर्चेन ने डोनाल्ड ट्रंप से कहा- उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को यह बताने में बहुत मेहनत की कि उनके साथ इस न्यायालय में सामान्य आरोपी की तरह ही व्यवहार किया गया। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप को जेल की सजा या जुर्माने से मुक्त होकर व्हाइट हाउस लौटने की आजादी मिल गई है। पूर्व और भावी राष्ट्रपति पर 34 संगीन अपराधों का आरोप लगाया गया था। ये मुकदमा लगभग दो महीने तक चला और हर मामले में जूरी ने उन्हें दोषी ठहराया। लेकिन अदालत में पेश किए गए मामले और निजी जीवन से जुड़े आरोपों के बावजूद, यह उनकी राजनीतिक लोकप्रियता को नुकसान नहीं पहुंचा पाया, और उन्होंने दोबारा चुनाव जीत लिया। मामले में मैनहट्टन के न्यायाधीश जुआन एम. मर्चेन रिपब्लिकन नेता को चार साल तक की सजा सुना सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा फैसला दिया, जो संवैधानिक विवादों से बचाते हुए मामला खत्म करता है। इस फैसले से ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए, जो गंभीर अपराध में दोषी होने के बावजूद राष्ट्रपति पद संभालेंगे। जज मर्चन ने कहा



कि किसी भी अन्य अभियुक्त की तरह, सजा देने से पहले उन्हें सभी परिस्थितियों पर विचार करना होता है। हालांकि, ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें मिलने वाली संवैधानिक सुरक्षा बाकी सभी बातों से अधिक महत्वपूर्ण है। इन संवैधानिक सुरक्षा उपायों के बावजूद, एक बात स्पष्ट है कि ये सुरक्षा जूरी के फैसले को मिटा नहीं सकती। नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति फ्लोरिडा में मौजूद अपने घर से वर्चुअल रूप से अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका आपराधिक मुकदमा और दोषसिद्धि एक बहुत ही भयानक अनुभव रहा है और उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने फिर से इस मामले की निंदा की। ट्रंप ने इस मामले को राजनीतिक बदले की कार्रवाई और न्यूयॉर्क के लिए शर्मिंदगी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला उनकी छवि खराब करने के लिए लाया गया था ताकि वह चुनाव हार जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभियोजन पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया, लेकिन ट्रंप की तरफ से न्यायिक प्रणाली पर किए गए हमलों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जूरी के फैसले और न्याय प्रणाली के प्रति अवमानना फैलाई है, जिससे जनता में न्याय प्रणाली की छवि खराब हुई है और अदालत से जुड़े अधिकारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी है। मामले में डोनाल्ड ट्रंप के वकील टॉड ब्लांश ने कहा कि यह मामला कानूनी रूप से नहीं लाया जाना चाहिए था और ट्रंप इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने दावा किया था कि करीब एक दशक पहले डोनाल्ड ट्रंप ने उनके साथ यौन संबंध बनाए थे।

# पहले सरपंच की हत्या के आरोपियों को पकड़ो, फिर बात करो: अंबादास दानवे

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 10 जनवरी। शिवसेना यूबीटी ने बीड में सरपंच की हत्या के मामले सीएम देवेंद्र फडणवीस पर तंज कसा है और कहा है कि सीएम इस मामले में किसी को न बख्शने की बात कर रहे हैं, लेकिन पहले उन्हें हत्या के फरार आरोपियों को पकड़ना चाहिए। शिवसेना यूबीटी नेता अंबादास दानवे ने गुरुवार को देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधा क्योंकि सरपंच की हत्या का एक आरोपी अभी भी फरार है। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि गृह विभाग का जिम्मा संभाल रहे मुख्यमंत्री फडणवीस कहते रहते हैं कि वे मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें पहले फरार आरोपियों को पकड़ना होगा। गौरतलब है कि बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की बीते 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले सरपंच देशमुख को प्रताड़ित भी किया गया था। कथित तौर पर यह हत्या पवनचक्की परियोजना से जुड़ी एक ऊर्जा कंपनी के खिलाफ जबरन वसूली की कोशिश को रोकने के चलते की गई। जिस सरपंच की हत्या हुई, वह मराठा समुदाय से थे और आरोपी गैर मराठा समुदाय के हैं। ऐसे में इस मामले को लेकर राज्य की राजनीति खूब गरमाई



हुई है। इस मामले में अभी तक सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और एक आरोपी अभी भी फरार है। हत्या के आरोपियों में से एक महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे का करीबी बताया जा रहा है। इसे लेकर विपक्ष मुंडे के इस्तीफे की मांग कर रहा है, जिसके चलते सरकार बैकफुट पर है। अब दानवे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरपंच देशमुख की हत्या को एक महीना बीत चुका है, लेकिन मामले में छठा आरोपी अभी भी पुलिस को नहीं मिला है। दूसरी ओर, राज्य सरकार जनता की मांग के बावजूद मंत्री धनंजय मुंडे से इस्तीफा नहीं मांग रही है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सरकार को जिद्दी बताया। उन्होंने कहा, गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि वे इस मामले में किसी को नहीं छोड़ेंगे। किसी को छोड़ना या न छोड़ना बाद की बात है, इसके लिए आपको पहले आरोपी को पकड़ना होगा। एक अन्य मामले में, पिछले महीने परभणी में न्यायिक हिरासत में मरने वाले दलित व्यक्ति सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार ने सीएम राहत कोष से 10 लाख रुपये की सहायता लेने से इनकार कर दिया। उनकी मांग है कि उन्हें न्याय चाहिए। इस पर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दानवे ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में लिखा कि सूर्यवंशी के परिवार के सदस्य वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि न्याय मांग रहे हैं, क्योंकि उनका दावा है कि उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं।

## कोयला खदान में अब भी फंसे आठ श्रमिक

गुवाहाटी, 10 जनवरी। असम के पास दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे आठ श्रमिकों को निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। एनडीआरएफ, नौसेना, सेना समेत तमाम एजेंसियां अभियान में लगी हुई हैं। खदान हादसे में जान गंवाने वाले नेपाल के श्रमिक गंगा बहादुर श्रेष्ठ की पत्नी उसका शव लेने असम पहुंची। पत्नी सुशीला राय सोनुरू ने कहा कि गंगा बहादुर घर में अकेले कमाने वाले थे। अब परिवार का गुजारा कैसे होगा? दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरी खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद से लगातार सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नौसेना और पुलिस की टीम श्रमिकों को तलाश रही है। बुधवार को खदान में 85 फुट नीचे से एक श्रमिक का शव बरामद किया था। जिसकी पहचान नेपाल के उदयपुर जिले के गंगा बहादुर श्रेष्ठो के रूप में हुई। खदान स्थल पर पहुंची गंगा बहादुर की पत्नी सुशील राय सोनुरू ने कहा कि मेरे पति दो महीने पहले दीमा हसाओ आए थे।

# सुखबीर बादल का इस्तीफा मंजूर, वर्किंग कमेटी ने लिया फैसला

**नरेश मल्होत्रा**


चंडीगढ़, 10 जनवरी। आखिरकार 30 साल बाद शिरोमणि अकाली दल की कमान बादल परिवार के हाथ से छूट गई। शिअद की शुक्रवार को चंडीगढ़ में पार्टी कार्यालय में हुई कार्य समिति की बैठक में सुखबीर बादल द्वारा अध्यक्ष पद से दिए गए इस्तीफे को मंजूर कर लिया गया। तीन दशकों तक अकाली दल की कमान बादल परिवार के हाथों में रही। सत्ता के समय प्रदेश में हुई बेअदबी की घटनाओं और अन्य गलतियों की वजह से ही बादल परिवार आज इस स्थिति पर पहुंच गया है। अकाली दल की कार्य समिति की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ की अध्यक्षता में हुई, जोकि देर शाम 6 बजे तक चली। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री अकाल तख्त साहिब से सुनाई गई धार्मिक सजा को पूरा करते हुए पूर्व प्रधान सुखबीर बादल के इस्तीफे को मंजूर कर लिया गया है। इसी के साथ नई कमेटी गठित किए जाने और अकाली दल के नए प्रधान का चुनाव 1 मार्च को कराए जाने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि 16 नवंबर 2024 को सुखबीर बादल ने इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद तनखाइया करार सुखबीर बादल को श्री अकाल तख्त साहिब पर धार्मिक सजा सुनाई गई थी। धार्मिक सजा पूरी करने के बाद जब अकाल तख्त के निर्देश यानी सुखबीर के इस्तीफे को मंजूर किए जाने में देरी की जा रही थी, तब बीते दिनों अकाल तख्त ने सख्ती से उनके आदेशों का पालन करने के लिए कहा था, जिसके बाद कार्य समिति की बैठक बुलाई गई। डॉ. चीमा ने कहा कि नए संगठनात्मक गठन के लिए 20 जनवरी से 20 फरवरी तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 25 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे। चीमा ने कहा कि पार्टी के टकसाली नेता व पूर्व मंत्री गुलजार सिंह



राणिके को 1 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष भूंदड़ ने डॉ. दलजीत सिंह चीमा को चुनाव प्रक्रिया के कोऑर्डिनेशन के लिए सचिव नियुक्त किया है। पार्टी के सीनियर लीडरों की मानें तो पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल को भी पार्टी प्रधान पद से हटाने के प्रयास हुए थे। वर्ष 1999 में तत्कालीन एसजीपीसी प्रधान गुरचरण सिंह टोह?ा ने उन्हें पार्टी का पद छो?ने को कहा था। हालांकि पार्टी में उस वक्त प्रकाश सिंह बादल का पूरी तरह से दबदबा था। जिस वजह से बादल तो प्रधान बने रहे, लेकिन कुछ ऐसी परिस्थितियां बनीं कि टोह?ा को एसजीपीसी का प्रधान पद छोड़ना पड़ गया। 1 मार्च को प्रधान पद के नए चेहरे और उससे पहले सदस्यता अभियान के लिए कार्यकारी अध्यक्ष भूंदड़ ने कई नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी है। डॉ. चीमा ने बताया कि एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी को जम्मू-कश्मीर और होशियारपुर, किरपाल सिंह बडुंगर को मालवा क्षेत्र, मनप्रीत सिंह अयाली को राजस्थान, संत सिंह उमैदपुर को हिमाचल प्रदेश, इकबाल सिंह झूंदा को मलेरकोटला, परमजीत सिंह सरना को दिल्ली, मंजीत सिंह जीके को उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड और रघुजीत सिंह विर्क को हरियाणा की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद से ही वरिष्ठ नेताओं ने सुखबीर बादल पर निशाना साधना शुरू कर दिया। पार्टी प्रधान को बदलने की मांग उठने ली। सुखबीर प्रधानगी छोड़ने को राजी नहीं हुए तो कई वरिष्ठ नेताओं ने शिअद का साथ छोड़ अलग पार्टी तक बना ली। प्रेम सिंह चंदूमाजरा, गुरप्रताप वडाला और बीबी जागीर कौर समेत कई नेताओं ने सुधार लहर को शिअद के बराबर खड़ा कर दिया। बेअदबी के मामलों को लगातार उठाकर सुखबीर पर इस्तीफे के लिए दबाव डाला।

## निज्जर हत्याकांड फैसला कनाडा सरकार के लिए बड़ा झटका

नई दिल्ली, 10 जनवरी। कनाडा की अदालत ने खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड केस में शामिल चारों भारतीय आरोपियों को जमानत मामले की अगली सुनवाई अब ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में 11 फरवरी को होगी। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने सवाल उठाया कि क्या कनाडा के न्याय विभाग के चारों भारतीय आरोपियों को हिरासत से रिहा करने का फैसला कनाडाई सरकार के लिए बड़ा झटका है। ब्रिटिश कोलंबिया के न्याय विभाग के जारी दस्तावेज के मुताबिक, निज्जर की हत्या के मामले के चारों आरोपी करण बरार, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करनप्रीत सिंह अब हिरासत में नहीं हैं। केस फाइलों में उनकी हिरासत स्थिति के तहत एन लिखा है। इसका मतलब है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है। निज्जर को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादी घोषित किया था। फैबियन ने इस बात पर चिंता जताई कि रॉयल




कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने जांच पूरी करने में इतना लंबा वक्त क्यों लिया। उन्होंने पूछा कि क्या आरोपियों को जमानत देने से कनाडाई सरकार की स्थिति कमजोर हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बचाव पक्ष के वकीलों की जीत है, लेकिन मामला अभी भी ब्रिटिश कोलंबिया के सुप्रीम कोर्ट में सुना जाएगा। फैबियन ने यह भी बताया कि आरोपियों को मई 2024 में गिरफ्तार किया गया था, और जांच में इतना वक्त लगना हैरान करने वाला है। आरोपियों में करण बरार (22), करनप्रीत सिंह (28) और कमलप्रीत सिंह (22) शामिल हैं, जिन्हें 3 मई 2024 को एडमोंटन में गिरफ्तार किया गया था। चौथे आरोपी अमनदीप सिंह (22) को पहले से ही ओंटारियो में गैर-संबंधित हथियारों के आरोप में हिरासत में रखा गया था और उसे 11 मई 2024 को निज्जर की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया। ब्रिटिश कोलंबिया की एकीकृत हत्या जांच टीम (आईएचआईटी) ने चारों आरोपियों पर हत्या और साजिश का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस को इस अपराध के भारत से जुड़े होने का कोई सबूत नहीं मिला है, जबकि कनाडाई मीडिया में इस पर अटकलें लगाई जा रही थीं।

# कतर ने सीरिया को भेजी 31 टन खाद्य सहायता

एजेंसी

**दोहा।** कतर की वायु सेना का एक विमान सीरियाई लोगों का समर्थन करने के लिए देश की चल रही हवाई पुल पहल के हिस्से के रूप में 31 टन खाद्य सहायता लेकर सीरिया की राजधानी दमिश्क में उतरा। कतर के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह सहायता कतर फंड फॉर डेवलपमेंट द्वारा प्रदान की गयी है, जो एक सरकारी इकाई है जो वैश्विक आजीविका में सुधार पर केंद्रित है। यह दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाला चौथा सहायता विमान और कतरी हवाई पुल पहल के तहत भेजा गया आठवां विमान है।हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, 7 जनवरी को दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को 13 वर्षों में दोहा से पहली नागरिक उड़ान प्राप्त हुई। कतर के प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री, मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने 5 जनवरी को यहां अंतरिम विदेश मंत्री असद अल-शैबानी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय सीरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की, जिसमें सीरिया में द्विपक्षीय संबंधों और विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# चीन के शिजांग में भूकंप के बाद महसूस किये गये 1211 झटके

**ल्हासा।** दक्षिण पश्चिम चीन के शिज़ांग स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता वाले भूकंप के के बाद अपराह्न तक कुल 1211 झटके (आफ्टरशॉक्स) महसूस किये गये। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिगाज़े शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 126 लोगों की मौत हो गई और 188 अन्य घायल हो गए। कुल 407 फंसे हुए व्यक्तियों को बचाया गया है। क्षेत्रीय भूकंप ब्यूरो के अनुसार, सबसे बड़े झटके की तीव्रता 4.4 थी और यह 6.8 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र से लगभग 18 किलोमीटर दूर आया। ब्यूरो ने यह भी बताया कि 33 झटकों की तीव्रता तीन से अधिक थी।

# अमेरिका के टेक्सास में शीतकालीन तूफान के कारण कम से कम 1,650 उड़ानें रद्द

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य में शीतकालीन तूफान के कारण टेक्सास के हवाई अड्डों पर सुबह कम से कम 1,650 उड़ानें रद्द कर दी गईं। फ्लाइटअवेयर ने यह जानकारी दी। फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों से पता चलता है कि गुरुवार सुबह तक राज्य के प्रमुख हवाई अड्डों पर 13 हजार से अधिक उड़ानें विलंबित थीं। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि टेक्सास से कैरोलिनास तक दक्षिणी अमेरिका के 800 मील के विस्तार में, तूफान भारी बर्फबारी, बर्फ और बेहद कम तापमान ला रहा है। कई उत्तरी टेक्सास काउंटियों के लिए दोपहर तक शीतकालीन तूफान की चेतावनी प्रभावी है, डलास-फोर्ट वर्थ क्षेत्र में दो से पांच इंच की आशंका है। रेड नदी के करीब अधिक बर्फबारी होने की संभावना है। बुधवार शाम तक, पूरे उत्तरी टेक्सास में स्कूल बंद करने की घोषणा कर दी गई। डलास-फोर्ट वर्थ क्षेत्र के स्कूल जिलों ने कहा कि वे गुरुवार और बंद रहेंगे। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि तूफान के दौरान राज्य की पावर ग्रिड में कोई समस्या होने की उम्मीद नहीं है, हालांकि अधिकारी बर्फ़ीली बारिश और पेड़ों के गिरने के कारण बिजली लाइनों के खराब होने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 2021 में लगातार बर्फीले तूफानों के दौरान राज्य की पावर ग्रिड फेल होने से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# ज़ापोरिज्जिया पर रूसी हमले में 13 लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ज़ापोरिज्जिया में हुए रूसी हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 63 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के अभियोजक जनरल के कार्यालय के एक बयान के माध्यम से दी। ज़ापोरीज़िया क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4 बजे (जीएमटी 1400) दो निर्देशित बमों ने शहर पर हमला किया, जिससे औद्योगिक अवसंरचना और आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। राज्य की आपातकालीन सेवा ने कहा कि इन हमलों में चार प्रशासनिक भवन और 27 वाहन क्षतिग्रस्त हुए।

# ईरान ने यमन पर अमेरिका, ब्रिटेन के ताज़ा हवाई हमलों की निंदा की

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बघई ने यमन में बुनियादी ढांचे के लक्ष्यों के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन के नए हवाई हमलों की कड़ी निंदा की।अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन द्वारा सुबह होने से पहले तीन यमनी प्रांतों सना, अमरान और होदेइदाह के अंदर कई ठिकानों पर हवाई हमले शुरू करने के बाद उन्होंने मंत्रालय के एक बयान में यह टिप्पणी की। श्री बघाई ने जोर देकर कहा कि इस तरह की आपराधिक कार्रवाइयां उत्पीड़ित फिलिस्तीनियों के प्रति समर्थन और एकजुटता व्यक्त करने के यमनी लोगों के दृढ़ संकल्प को प्रभावित करने में विफल रहेंगी। उन्होंने कहा कि यमन के बुनियादी ढांचे के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा लगातार आक्रामकता अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून के वकीलों ने दूसरे हिरासत वारंट के खिलाफ निषेधाज्ञा दायर की

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल के वकीलों ने कहा कि उन्होंने मार्शल लॉ लागू करने के लिए उन्हें हिरासत में लेने के लिए दूसरे वारंट के खिलाफ निषेधाज्ञा दायर की है। यून गैप-ग्यून और महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति की कानूनी बचाव टीम के अन्य सदस्यों ने विदेशी समाचार आउटलेट्स के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें कहा गया कि संवैधानिक न्यायालय के साथ क्षमता विवाद पर निर्णय के लिए अनुरोध दायर किया गया था। पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति यून के विचारों को साझा करते हुए यून गैप-ग्यून ने कहा कि पहले और दूसरे वारंट जारी करने वाले न्यायाधीश और हमारे आपत्ति (पहले वारंट पर) को खारिज करने वाले न्यायाधीश ने न केवल



गलत कानूनी व्याख्या की, बल्कि गलत कानूनी आवेदन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून के बारे में अनुमान और अतिशयोक्तिपूर्ण व्याख्याएं हैं, जो इसे अवैध होने की अत्यधिक संभावना बनाती हैं। हमारी (वकीलों की) टीम ने पहले वारंट के विरुद्ध भी यही कदम उठाए लेकिन संवैधानिक न्यायालय ने वारंट समाप्त होने से पहले किसी भी अनुरोध पर कोई कार्रवाई नहीं की। दरअसल, 14 दिसंबर को नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाए जाने के बाद से राष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से नज़रों से दूर हैं। पत्रकारों को एक सवाल के जवाब में वकीन यून गैप ने कहा कि राष्ट्रपति विश्वास करते हैं कि मार्शल लॉ लागू करना हमारे लोगों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए मूड बनाने में भूमिका निभा रहा है। बता दें कि संसद द्वारा पिछले साल 14 दिसंबर को राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए मतदान करने के बाद यून की राष्ट्रपति पद की शक्तियों को निलंबित कर दिया गया था। इसी के बाद सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय ने मंगलवार को वारंट जारी किया जब जांचकर्ताओं ने अपने प्रारंभिक वारंट के विस्तार के लिए आवेदन किया, जो पिछले दिन समाप्त हो गया था। पिछले वारंट को निष्पादित करने का प्रयास विफल हो गया था, जब जब यून के अंगरक्षकों ने जांचकर्ताओं को आधिकारिक राष्ट्रपति निवास में प्रवेश करने से रोक दिया था।

# नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को मिली जमानत, 65 लाख रुपये के बेल बांड पर रिहा करने का आदेश

एजेंसी

**काठमांडू।** पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को करीब आधा दर्जन सहकारी बैंक ठगी मामले में पोखरा जिला अदालत से जमानत मिल गई। कोर्ट ने उन्हें 65 लाख रुपये के बेल इस समय पांच अलग-अलग जिला अदालतों में ठगी के मामले चल रहे हैं। इनमें से पोखरा के सूर्यदर्शन सहकारी बैंक ठगी मामले में रवि को जमानत मिली है। रवि के खिलाफ काठमांडू, भरतपुर, बीरगंज और



बांड पर रिहा करने का आदेश दिया है। पिछले 84 दिनों से पुलिस हिरासत में चल रहे रवि लामिछाने की जमानत को लेकर एक हफ्ते से चली आ रही बहस के बाद आज जिला न्यायाधीश क्षितिज राई ने सहकारी बैंक ठगी के सभी प्रमुख आरोपितों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। रवि लामिछाने के खिलाफ बुटवल में भी मामला चल रहा है। पोखरा के अलावा अब तक सिर्फ काठमांडू के स्वर्ण लक्ष्मी सहकारी बैंक के ठगी मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। रवि के खिलाफ ठगी के अलावा सरकारी दस्तावेज की जालसाजी करने और संगठित अपराध का आरोप भी लगाया गया है।

# ब्रिटेन ने अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा की

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के उपायों के तहत मानव तस्करी करने वाले गिरोहों से निपटने और ऐसे अपराध को बढ़ावा देने वाले अवैध वित्तपोषण को रोकने के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। सरकार ने कहा है कि नए प्रतिबंध अनियमित प्रवासन और संगठित आव्रजन अपराध को लक्षित करने के लिए हैं, जिससे अधिकारियों को खतरनाक यात्राएं करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को लक्षित करने की अनुमति मिल जाएगी। नई प्रतिबंध व्यवस्था इस वर्ष के भीतर लागू होने की उम्मीद है। सरकार के विशेषज्ञ कानून प्रवर्तन और परिचालन गृह कार्यालय के सहकर्मियों के साथ मिलकर वित्तीय प्रवाह को उनके स्रोत पर ही रोकने और यूरोप में खतरनाक समुद्री पारगमन सहित अनियमित प्रवासी आंदोलनों को



सुविधाजनक बनाने वाले तस्करों को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। नये प्रतिबंध को लेकर प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा, हमें अपनी सीमाओं के उल्लंघन में मदद करने वाले अपराध गिरोहों को खत्म करना होगा। यूरोप भर में तस्करों को कमजोर लोगों की तस्करी करने की अनुमति देने वाले अवैध वित्तीय गिरोहों को कमजोर करके, हम परिवर्तन की अपनी योजना को पूरा करेंगे और यूके की सीमाओं को सुरक्षित करेंगे, प्रधान मंत्री कीर स्टारमर ने कहा। इसका मतलब है कि हम अपनी नीति निर्माण प्रक्रिया में साहसिक और अभिनव बनें ताकि हम कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार आने वाले वर्षों में लोगों की जान बचाने और अपनी सीमाओं की रक्षा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

# नेपाल के चुनावी कानून में फेरबदल कर बहुदलीय व्यवस्था को खत्म करने की योजना

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सरकार के कहने पर निर्वाचन आयोग ने एक ऐसा कानून प्रस्तावित किया है, जिससे देश में अगले चुनाव से संसदीय निर्वाचन प्रक्रिया में सिर्फ कांग्रेस और एमाले के ही शामिल रहने की पूरी संभावना है। निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने हरी झंडी दिखाते हुए इसे कानून मंत्रालय के पास भेज दिया है।

मौजूदा समय में नेपाल की सरकार में दो सबसे बड़ी पार्टियां नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले शामिल हैं। दो विपरीत ध्रुव के दलों की सरकार बनने के बाद देश में राजनीतिक स्थिरता के नाम पर बहुदलीय व्यवस्था को ही खत्म करने की योजना पर काम हो रहा है। कानून मंत्री अजय चौरसिया ने बताया कि उनके पास गृह मंत्रालय से चुनाव संबंधी कानून परिवर्तन के लिए एक प्रस्ताव आया है, जिस पर आज विशेषज्ञों की बैठक बुलाई गई है। कानून मंत्री चौरसिया के मुताबिक मत लाने वाले पार्टियों को ही राजनीतिक दल की मान्यता मिलती है। ऐसे दल को ही सिर्फ



प्रस्तावित कानून में राजनीतिक दलों की मान्यता के लिए मतों के प्रतिशत में बढ़ोतरी की गई है। सरकार के इस प्रस्ताव को देश में बहुदलीय व्यवस्था को समाप्त कर द्विदलीय व्यवस्था लागू करने के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, अभी तक संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक संघीय संसद के चुनाव में कुल मतदान के न्यूनतम तीन प्रतिशत और प्रदेश के चुनाव में डेढ़ प्रतिशत समानुपातिक वोट के आधार पर सीटें आवंटित की जाती हैं।

अब निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव में संघीय चुनाव में तीन प्रतिशत को बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है और प्रदेश के चुनाव में डेढ़ प्रतिशत को बढ़ाकर तीन प्रतिशत किया गया है। यानी अगर यह कानून परिवर्तन हो जाता है तो नेपाल में दो या तीन दल ही बचेंगे, जिनको मान्यता मिलेगी।

# गाजा संघर्ष के बाद से हूती बलों ने इजरायल पर दागी 40 मिसाइलें, 320 ड्रोन

एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने बताया कि यमन में हूती बलों ने अक्टूबर 2023 से इजरायल की ओर सतह से सतह पर मार करने वाली लगभग 40 मिसाइलें और 320 ड्रोन प्रक्षेपित किये है।हूती ने गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर छिटपुट मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इसके जवाब में इजरायल ने यमन में कई बड़े पैमाने पर और घातक हवाई हमले किए हैं। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इसकी हवाई रक्षा सरणी ने अधिकांश मिसाइलों को रोक दिया। आईडीएफ ने कहा, अब तक, एक गिरे हुए प्रक्षेप्य की पहचान की गई है, साथ ही दो आंशिक अवरोधन के कारण टुकड़े क्षेत्र में गिरे हैं। शेष मिसाइल प्रक्षेपण कथित तौर पर रास्ते में विफल रहे। आईडीएफ ने कहा कि



वायु सेना ने 100 से अधिक ड्रोनों को रोका। आज तक, दो प्रभावी हमलों की पहचान की गई है, इसमें कहा गया है कि अन्य ड्रोन खुले क्षेत्रों में गिरे, इजरायली क्षेत्र तक पहुंचने में विफल रहे या कोई महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई।

# पोलियो वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के बिना पाकिस्तानी यात्रियों की नहीं होगी एंट्री : सऊदी अरब

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** सऊदी अरब की यात्रा करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए पोलियो टीकाकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है। सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीएसीए) ने यह घोषणा की है।

जीएसीए के अनुसार, नवीनतम निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर दंड और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान दुनिया के अंतिम दो पोलियो-स्थानिक देशों में से एक बना हुआ है। देश में पोलियोवायरस के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। 2024 में इस अपंग करने वाली बीमारी के 68 मामले सामने आए थे। पिछले कई वर्षों से देश में पोलियो वायरस के प्रसार को रोकने में पाकिस्तान सरकार की नाकामी पर सवाल उठते रहे हैं। विशेष रूप



से अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों को लेकर जहां पोलियो टीकाकरण अभियान को हिंसा का सामना करना पड़ा और स्वास्थ्य कर्मियों की मौतें भी हुईं। सऊदी सरकार का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कई खाड़ी देशों ने अपराध, धोखाधड़ी और भीख मांगने में शामिल होने के कारण पाकिस्तानियों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं। आव्रजन विभाग के अधिकारियों ने जियो न्यूज को बताया कि बुधवार को सात देशों से 51 निर्वासित पाकिस्तानी कराची पहुंचे, जबकि मंगलवार रात कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 30 यात्रियों को उनके यात्रा दस्तावेजों और अन्य अनियमितताओं के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से उतार दिया गया। इससे पहले, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के वीजा आवेदकों के लिए पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया था। सऊदी अरब के अलावा, यूएई और अन्य खाड़ी देशों ने पाकिस्तान के कम से कम 30 अलग-अलग शहरों के लोगों को वीजा देने पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। विदेशों में पाकिस्तानी नागरिकों के भीख मांगते या तस्करी, ड्रग्स की तस्करी, मानव तस्करी और अन्य आपराधिक अपराधों में शामिल पाए जाने के मामलों की संख्या में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है।

# हम ट्रंप की टैरिफ धमकी का जवाब देंगे, कुछ साल पहले हम कर चुके हैं ऐसा : ट्रूडो

एजेंसी

**ओटावा ।** जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी को साकार रूप देते हैं तो उनकी सरकार भी इसका जवाब देगी। सिन्हुआ ने ट्रूडो के एक साक्षात्कार को आधार बनाकर अपनी बात रखी। ट्रूडो ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम इसका जवाब देंगे, जैसे हमने कुछ साल पहले किया था, जब ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाया था। हमने हेंज केचप, ताश के पत्ते, बॉर्बन, हार्ले डेविडसन और ऐसी अन्य चीजों पर टैरिफ लगाकर इसका जवाब दिया, जो अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती थीं। उन्होंने कहा कि ट्रंप एक बहुत अच्छे वार्ताकार हैं। टैरिफ के असर को कम करने के लिए कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने



की बात का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रूडो ने कहा, अमेरिकी उपभोक्ता जो भी कनाडा से खरीदेंगे, वह अचानक बहुत महंगा हो जाएगा और यह एक ऐसी बात है जिस पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए।स्थानीय मीडिया ने बताया कि कनाडाई अधिकारी अमेरिकी उत्पादों की एक सूची तैयार कर रहे हैं, जिन पर जवाबी शुल्क लगाया जाएगा, क्योंकि कनाडा को अमेरिकी शुल्कों का जवाब देना पड़ा। ट्रंप ने कहा था, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयात होने वाली सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। इससे पहले अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को मिलाने के लिए इकोनॉमिक फोर्स यानि आर्थिक ताकत का इस्तेमाल करने की बात कही थी। ट्रंप कनाडा को अक्सर 51वां राज्य कहते हैं।डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सुझाव के समर्थन में अमेरिका द्वारा प्रदान की गई सैन्य सहायता और दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे जैसे कारणों का हवाला दिया। ट्रंप ने फ्लोरिडा में मार-ए-लागो निवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर कनाडा को खुली चुनौती दी थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि आप उस कृत्रिम रूप से खींची गई रेखा से छुटकारा पा लें और देखें कि वह कैसी दिखती है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बेहतर होगा।

# नेपाल के एक सांसद ने खुलेआम संसदीय समिति अध्यक्ष को दी 'खत्म' करने की धमकी

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की एक संसदीय समिति की बैठक में उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब एक सांसद ने संसदीय समिति के अध्यक्ष को भरी बैठक में खत्म करने की धमकी दे डाली। इस समय बैठक में एक पूर्व प्रधानमंत्री भी मौजूद थे। यह घटना संसद भवन में अंतरराष्ट्रीय संबंध और नागरिक उड्डयन पर संसदीय समिति की बैठक के दौरान हुई। बैठक का संचालन संसदीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव कर रहे थे। बैठक के दौरान नेपाल की सरकारी विमान कंपनी के घाटा में जाने को लेकर चर्चा चल रही थी। सत्ता पक्ष के सांसदों की बात पर नेपाल मजदूर किसान पार्टी के संसद प्रेम सवाल ने आपत्ति दर्ज की। बार-बार आपत्ति दर्ज कराने पर अध्यक्षता कर रहे राजकिशोर यादव ने बीच में ना बोलने की हिदायत दी। बस इसी बात पर दोनों



के बीच जमकर बहस हुई। बाकी सांसदों ने बीच बचाव भी किया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद और अधिक तनावपूर्ण होता गया। इस बैठक के लाइव वीडियो फीड में दिख रहा है कि राजकिशोर यादव की हिदायत पर प्रेम सवाल बैठक में हूटिंग करने की धमकी दे रहे हैं। गुस्से में बोल रहे प्रेम सवाल संसदीय समिति के सभापति को धमकी देते हुए एक दिन खत्म करने की चेतावनी भी दे रहे हैं। यह बात वो बार-बार दोहरा रहे हैं। इस विषय पर राजकिशोर यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सांसद प्रेम सवाल का व्यवहार असंसदीय था। उन्होंने बताया कि अगली कुछ बैठकों में उनके आने पर रोक लगाने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

# लॉस एंजिल्स के आग प्रभावित इलाकों में फ्री भेजे जायेंगे स्टारलिंक टर्मिनलः मस्क

**लॉस एंजिल्स।** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने घोषणा की कि स्पेसएक्स लॉस एंजिल्स में उन क्षेत्रों में निःशुल्क स्टारलिंक टर्मिनल प्रदान करेगा जो जंगल की आग से प्रभावित हुए हैं। श्री मस्क ने एक्स पर कहा स्पेसएक्स कल सुबह एलए में प्रभावित क्षेत्रों में निःशुल्क स्टारलिंक टर्मिनल प्रदान करेगा। कैलिफोर्निया में लॉस एंजिल्स और उसके आसपास कई जंगलों में आग भड़क उठी है,

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# ब्राजील में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत सात घायल

एजेंसी

**साओ पाओलो ।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाओलो के पर्यटक शहर उबातुबा के समुद्र तट के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं सात लोगों के घायल होने की खबर है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वाला पायलट था। पायलट ने उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन वह गति को रोक नहीं सका और हवाई टर्मिनल की सुरक्षा बाड़ को पार कर गया। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विमान में सवार सभी चार यात्री सुरक्षित हैं, जिनमें दो वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं।

दुर्घटना के कारण क्रूज़ेरो बीच के सैरगाह पर तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। उबातुबा हवाई अड्डे की रियायतकर्ता कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि मौसम की स्थिति ठीक



नहीं थी। बारिश और गीले रनवे के कारण यह दुर्घटना हुई।

ब्राजीलियाई वायु सेना ने कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तकनीशियनों और विशेषज्ञों को घटनास्थल पर भेजा गया था। इससे पहले 24 दिसंबर, 2024 को ब्राजील के साओ पाउलो राज्य के एक आवासीय क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नाबालिग सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। विमान एक सिंगल-इंजन आरवी-10 था जिसमें एक पायलट और तीन यात्रियों के बैठने की जगह थी। सितंबर (2024) की शुरुआत में एक अलग घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए थे जब उत्तरी ब्राजील के अमेज़ोनस राज्य के अंतर्देशीय शहर बार्सेलोस में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अमेज़ोनस के गवर्नर विल्सन लीमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, वे सभी पर्यटक ब्राजील के थे और फिशिंग के लिए निकले थे। यह बताया गया कि पायलट को बार्सेलोस में उतरने के लिए रनवे खोजने में परेशानी हुई, जो एक स्पोर्ट फिशिंग डेस्टिनेशन है। ब्राजील के ट्विन-टर्बोप्रॉप लाइट ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, दुर्घटनाग्रस्त एम्ब्रेयर ईएमबी 110 बैंडेरेंटे के मालिक, मानौस एरोटैक्सी एयरलाइन ने सोशल मीडिया पर एक बयान में दुर्घटना की पुष्टि की थी।

## रबी फसल के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने किसानों के हित में लिया फैसला

एजेंसी

**नारनौल।** राज्य में हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। जिला के किसान 20 जनवरी तक इस पोर्टल पर रबी-2025 फसल में हुए नुकसान का दावा कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि फसलों में हुए नुकसान के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने प्रभावित किसानों के लिए राहत देने की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक जिला महेंद्रगढ़ में 5003 किसानों ने 20920 एकड़ के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर फसल खराबा का दावा किया है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर वहीं किसान दावा कर सकते हैं जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाया हुआ है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट एकत्रित कर रहा है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए अपनी फसल को हुए नुकसान का दावा करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 20 जनवरी तक खोल दिया है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि वह समय रहते इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण जरूर करवाएं।

## महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक डॉ मयंक गुप्ता के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए साइबर थाना पुलिस ने मोहल्ला सरस्वती विहार निवासी एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 4.49 रुपये ठगने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पंजाब के मोहाली के सेक्टर-80 साहिबजादा अजीत सिंह नगर निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। जांचकर्ता ने बताया कि मोहल्ला सरस्वती विहार निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था की गत वर्ष 16 दिसम्बर को उसके पास एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि वह अंधेरी मुंबई से सीबीआई का स्पेशल ऑफिसर राजेश मिश्रा बोल रहा है। उसका केनरा बैंक में एक फर्जी खाता पाया गया है। बाद में उसने वीडियो कॉल की। जिसमें वह पुलिस की वर्दी में था। उसने कहा कि नरेश गोयल धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद है। उसके घर से तुम्हारा आधार कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। अब तुम्हें भी इस मामले में गिरफ्तार किया जाएगा। महिला ने बताया कि पुलिस की वर्दी में देखकर वह घबरा गई। उसके साथ आरोपी ने वीडियो कॉल पर दो से तीन घंटे तक बात करते हुए पैसे की मांग की गई। उसने पहले बताए गए यूपीआई नंबरों पर 99 हजार रुपये और बाद में 3.5 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## डीसी ने विभिन्न विभागों से मांगी एक्शन रिपोर्ट, प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा

**गुरुग्राम।** उपायुक्त अजय कुमार ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा जिला से जुड़े प्रमुख विभागीय मुद्दों पर चर्चा कर एक्शन रिपोर्ट मांगी। उपायुक्त मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को चंडीगढ़ में होने वाली प्रशासकीय अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक एजेंडा पर चर्चा कर रहे थे। लघु सचिवालय सभागार में दो चरणों में आयोजित की गई इस बैठक में उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि 11 जनवरी को मुख्यमंत्री स्वयं उच्च प्रशासकीय अधिकारियों के साथ गुरुग्राम सहित विभिन्न जिलों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को हल करने और विकास की गति को तेज करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। ऐसे में जिला उपायुक्त ने उपरोक्त बैठक एजेण्डा बिंदुओं पर विभाग अनुसार विषयों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा कर रिपोर्ट तलब की। इसमें सडक़, नहरी पानी, अमृत सरोवर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व विभाग, परिवहन, भवन निर्माण, पशुपालन, खेल विभाग से संबंधित मामलों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। इस बैठक में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि गुरुग्राम में इस समय 18 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। इसमें से 14 अमृत प्लस के अंतर्गत आते हैं।

## दक्षता हासिल करके आधुनिक तकनीकी उपकरण का करें उपयोग : अशोक कुमार बघेल

**पलवल।** इताशा सोसाइटी पलवल द्वारा डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जिस तरह से इंटरनेट, मोबाइल तथा आधुनिक तकनीकी के प्रयोग से लोगों को जानकारी और सेवाओं का लाभ मिल रहा है. उसी तरह अगर आप इसका प्रयोग सही से नहीं करते हैं, तो इसका नुकसान भी हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर अपराध बढ़ गए हैं इसलिए पहले दक्षता हासिल करें, फिर आधुनिक तकनीकी उपकरण का उपयोग ठीक से करे। इस कार्यक्रम में 100 से ज़्यादा विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, जनौली गर्ल्स स्कूल के प्रिंसीपल संपत सिंह, इताशा सोसाइटी से पारुल महेरा चीफ प्रोजेक्ट ऑफिसर, सुमित प्रोजेक्ट हेड, ज्योति प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, पूजा कैरियर गाइड, कमल और मंगल राम आदि उपस्थित रहे।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए दैनिक जीवन में मोटे अनाज को अपनाएं : नायब सैनी

## एचएयू में दीन दयाल शोध संस्थान के सहयोग से पोषण उत्सव कार्यशाला आयोजित

एजेंसी

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी जिन्दगी में परंपरागत व पोषण से भरपूर व्यजनों को पीछे छोड़ दिया है जिसका सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें दैनिक जीवन में मोटे अनाज को अपनाना चाहिए।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दीन दयाल शोध संस्थान के सहयोग से पोषण उत्सव कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विशेषतौर पर बच्चों में पोषण की कमी व महिलाओं में खून की कमी कुपोषण संबंधी मुख्य समस्याएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जिन मोटे अनाज आधारित पारम्परिक व्यजनों को हम भूल गए थे उनको प्रचलित करने का प्रयास किया है व उन्होनें खाद्य सुरक्षा के बाद पौषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों के उपयोग पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय पौषक अनाज वर्ष घोषित करने के बाद, मोटे अनाज की खेती और उपभोग के लिए कई कदम उठाए गए। फसल विविधीकरण करके पौषण से भरपूर मोटे अनाजों वाली



फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। इस पौषण उत्सव के माध्यम से मोटे अनाजों के प्रति आमजन की जागरूकता बढ़ेगी। पोषण की कमी को समाप्त करने के लिए हमारी सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं, जैसे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण को सुनिश्चित करना, स्कूल में पढने वाले बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना तथा ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में पोषण संबंधी सहायता देना शामिल है। उन्होनें हिसार के कुछ गांवों में हो रही स्ट्राबैरी की खेती व सिरसा में हो रही किन्नू की खेती की तारीफ करते हुए बताया कि फसल विविधीकरण करते हुए ऐसी फसलों के रकबे को बढ़ाना चाहिए। इस कार्यशाला में दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित पोषण उत्सव पुस्तक का विमोचन भी किया।कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है इसी संदर्भ में हाल ही में हकृवि ने भिवानी के गोकुलपुरा गांव में पोषक अनाज अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की है जिसमें मोटे अनाज वाली फसलों पर शोध कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने बाजरा की बायोफोर्टिफाइड किस्में विकसित की है जिनमें लौह तत्व व जस्ते की प्रचुर मात्रा है। वर्तमान फसल चक्रों में बदलाव करके नए फसल विविधिकरण हेतू हमारी परम्परागत प्राचीन मोटे व छोटे अनाज वाली फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सावंक, छोटी कंगनी, कुटकी आदि को पुनः अपनाना होगा। जहां एक ओर मोटे अनाज वाली फसलें कम पानी व थोड़े दिन में तैयार हो जाती हैं वहीं दूसरी तरफ ये पोषक तत्वों में भी भरपूर होती हैं।

## सफाई कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं: अंजना पंवार

एजेंसी

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा कि अधिकारी सफाई कर्मचारियों के प्रति मानवीय व्यवहार रखते हुए उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। विकसित भारत के संकल्प पथ पर स्वच्छ भारत बनाने के निर्धारित लक्ष्यों को इनके सहयोग के बिना पूरा नही किया जा सकता। वे गुरुग्राम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रही थी। यह बैठक स्वतंत्रता सेनानी भवन (जोन हॉल) में आयोजित की गई थी। इससे पहले उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में उपाध्यक्ष के द्वारा निकाय के सफाई कर्मचारियों को लेकर अहम दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने निगम अधिकारियों से नगर निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत सीवर सफाई का मैनुअल वर्क पूरी तरह बंद है। उपलब्ध कराए जाएं। जिसमें उनका ब्लड ग्रुप व पीएफ नंबर स्पष्ट रूप से अंकित हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए और



वहीं पूर्व में गुरुग्राम में सीवर सफाई कमर्चारियों की मृत्यु के संदर्भ में उन्होंने उनके आश्रितों को दिए जाने वाले आर्थिक व अन्य लाभों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसी अथवा निगम द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों को उनके आईकार्ड सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि समय-समय पर हर साल वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा कि स्वस्थ भारत मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने खुद प्रयागराज में सडक़ सफाई कर्मचारियों के सम्मान में उनके साथ बैठकर भोजन किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर डीसी डा. विवेक भारती ने ली अधिकारियों की बैठक

एजेंसी

**नारनौल।** जिला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तर पर 26 जनवरी को स्थानीय आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले इस गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर आज उपायुक्त डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली।

उपायुक्त इस बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है। ऐसे में सभी अधिकारी पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियां निकालने का मुख्य मकसद सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना है। अधिकारी इन झांकियों की अभी से तैयारी शुरू कर दें।उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश दिए की सभी कार्यक्रमों में कुछ नयापन होना चाहिए। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सम्मानित करवाने के लिए सिफारिश की जा रही है उसके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा किसी भी प्रकार का मामला



इस दौरान समय प्रबंधन का ख्याल रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली सभी टुकडियों की रिहर्सल अच्छी तरह से करवाई जाए।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बहुत ही बेहतरीन कार्य करने वाले अपने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की डिटेल निर्धारित परफॉर्म में भरकर दें। साथ ही जिन कर्मचारी व अधिकारियों को उस अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को आमंत्रित किया जाएगा।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम नारनौल रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार तथा डीएसपी हरदीप सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## इज आफ डूइंग बिजनेस की बदौलत हरियाणा निवेशकों का बना पसंदीदा स्थान : अरविंद शर्मा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को देश में इज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सबसे बेहतर स्थान मिला है, जिसकी बदौलत राज्य निवेशकों व उद्यमियों का पसंदीदा व्यापारिक स्थान बन गया है। दुनिया की 500 फार्च्यून कम्पनियों की उपस्थिति हरियाणा की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाती हैं। हमें कृषि, मोटरवाहन निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा व विभिन्न विनिर्माण क्षेत्र में योगदान पर गर्व है। यह बातें उड़ीसा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सहकारिता, कारागार, विरासत एंव पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि आपको आश्चर्य होगा कि देश की दो तिहाई यात्री कारों का निर्माण हरियाणा में होता है। देश के 50 प्रतिशत ट्रैक्टर, 60 प्रतिशत दोपहिया वाहन निर्माण करते हुए हरियाणा को देश की वाहन निर्माण राजधानी का दर्जा मिला है। हमें राज्य के कृषि,



मोटरवाहन निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, दवा व विभिन्न विनिर्माण क्षेत्र में योगदान पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज को भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। जिसमें हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने एक सत्र में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीयों से संवाद किया। मंत्री ने सिलसिलेवार प्रदेश में शिक्षा, खेल, व्यापार, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों को अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को हरियाणा में आने का न्यौता दिया। मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बीते 10 सालों में हरियाणा व्यापारिक दृष्टिकोण से देश के विकास और अवसर की भूमि बन गया है, जहां प्रवासी भारतीयों के लिए सड़कों के जाल, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था जैसे अनेकों कारणों से सर्वोत्तम माहौल देना सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे राष्ट्र का गौरव हैं, जो भारत की संस्कृति और मूल्यों को दुनिया के हर कोने में ले जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम आईटी सेवाओं के प्रमुख केंद्र के तौर पर उभरा है, जहां तकरीबन ढाई लाख लोगों को रोजगार देने वाली 450 से अधिक आईटी कम्पनियां के साथ हरियाणा देश का तीसरा बड़ा साफ्टवेयर एक्सपोर्टर बना है। हरियाणा के दवा उद्योग में 4000 करोड़ रुपये के बाजार के साथ 250 से अधिक उद्योग शामिल हैं। नवाचार क्षेत्र में हरियाणा अग्रणी के तौर पर उभर रहा है और आज 6066 पंजीकृत स्टार्टअप और 19 यूनिकॉर्न के साथ हरियाणा स्टार्टअप गतिविधि में देश का सबसे बड़ा सातवां राज्य बना है, इसमें द हरियाणा स्टार्टअप पॉलिसी 2022 ने बड़ा योगदान दिया है।

## तावडू में एनएसएस कार्यक्रम में एंटी ड्रग नारकोटिक्स डिपार्टमेंट हरियाणा पुलिस के डॉक्टर अशोक कुमार ने दी जानकारी



**तावडू।** उपमंडल के गांव हसनपुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं योजना के तीसरे दिन नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा एंटी ड्रग नारकोटिक्स डिपार्टमेंट हरियाणा पुलिस के डॉक्टर अशोक कुमार मौजूद रहे। उन्होंने एनएसएस वॉलिंटियर्स का दायित्व क्या होता है, समाज में किस प्रकार हम अपना योगदान दे सकते हैं तथा इसके साथ उन्होंने नशा मुक्ति किस प्रकार कराई जाए और नशे की बुरी लत किस प्रकार हमारे परिवार समाज राष्ट्र के लिए हानिकारक है उसके बारे में बताया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता पतराम ने तीसरे दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों को विशेष शिविर के अपने अनुभव के बारे में बताया गया। वहीं इस अवसर पर नशा मुक्ति से संबंधित एक प्रतियोगिता भी विद्यालय में आज आयोजित की गई। इसी कड़ी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है।

## कौशल विकास के लिए योजना बनाई जाए- अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक

### अतिरिक्त उपायुक्त ने एमएसएमई विभाग के कार्यों की समीक्षा की

एजेंसी

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि कौशल विकास के लिए जिला से संबंधित एक योजना तैयार की जाए। युवाओं को कौशल के साथ जोड़ने के लिए विभाग वाइज लक्ष्य भी निर्धारित हों, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास की संभावनाओं को विस्तृत कर युवाओं को रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को अपने कार्यालय में एमएसएमई विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में कौशल एवं कार्यबल विकास पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कौशल विकास बेरोजगारी और अल्प रोजगार को कम करने में सहायक होगा और इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार की संभावनाओं को बल मिलेगा। भविष्य की नौकरियों के लिए लोगों को उपस्किलिंग या रेस्किलिंग में निवेश करना आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम होगा। उद्योग विभाग आज के समय में उद्योग जाए। शिक्षा विभाग भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे सकता है।





क्षेत्र में स्किल की आवश्यकताओं का पता लगाए और एमएसएमई विभाग को सूचित करें कि उन्हें किस तरह के कोर्स व कौशल विकास के क्षेत्र में अधिक काम करना है। उन्होंने कहा कि आज के क्षेत्र में जरूरत है कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास पर भी अधिक ध्यान दिया समय की जरूरत के अनुसार डिमांड व सप्लाई नीति को ध्यान में रखकर कौशल विकास के कोर्स करवाए जाएं। सभी विभाग अपनी कार्यसूची तैयार करें तथा एमएसएमई विभाग को इस बारे में अवगत कराएं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## समाधान शिविर... बारीकी से समझ कर किया जा रहा समस्याओं का समाधानः एडीसी



एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिवरों में नागरिकों की शिकायतों को बारीकी से समझ कर समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लगे समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर 18 नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। एडीसी ने बताया कि सबसे पहले लघु सचिवालय में प्रथम तल पर रूम नंबर 118 के सामने शिकायतकर्ता को अपना पंजीकरण करवाना होता है। इसके बाद बारी-बारी से उन्हें शिकायत रखने के लिए मीटिंग हॉल में बुलाया जाता है। यहां पर मौके पर मौजूद सभी विभागों के अधिकारी प्रत्येक शिकायत का पूरी बारीकी से अवलोकन करते हैं। जिला प्रशासन का प्रयास रहता है कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर ही समाधान किया जाए। इस दौरान शिकायतकर्ता को भी अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया जाता है। अगर कोई ऐसी शिकायत है जिसमें तुरंत कार्य करना संभव नहीं है, उसे निश्चित अवधि में पूरा करने के लिए कहा जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि यह समाधान शिविर आम नागरिकों को अपनी शिकायत व समस्याओं को प्रशासन के सामने रखने का एक अच्छा माध्यम है।

## हरियाणा में 80 फीसदी सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियांः अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** परिवहन व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने यह बात दिल्ली दौरे के बाद चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने परिवहन सुधार और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। अनिल विज ने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें चालकों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं, जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया नेटवर्क तैयार किया गया है। नई सड़कों ने राज्य की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया है,जिससे आर्थिक विकास को गति मिली है। प्रधानमंत्री



कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्टर्स के साथ हुई बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि उनको निर्देश दिए गए हैं कि गाड़ियों की ओवरलोडिंग रोकें। नई सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर अनिल विज ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सड़कों का व्यापक नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। दिल्ली में आगामी चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने भारतीय जनता पार्टी की विजय पताका फहराकर शंखनाद कर दिया है और हमने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा सारे देश के लिए छोड़ दिया है।

## तय समय में पूरी हों परियोजनाएं, शिकायतों का हो त्वरित कार्रवाई

एजेंसी

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में सभी अधिकारियों की बैठक बुलाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जनहित के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रगति रिपोर्ट लेते हुए अधिकारियों को जिले के विकास को लेकर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा विभिन्न विभागों को सीएम विंडो व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का अविलंब समाधान करते हुए एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) फाइल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



सीएम विंडो की शिकायतों को लेकर राज्य सरकार द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ऐसे में शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को राहत दी जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को लागू करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं जिसके बेहतर सामने आ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में कोई कसर ना छोड़े व जिले के विकास को समर्पित सोच के साथ अपना बेहतरीन प्रदर्शन करें।

## यूफ्लेक्स ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के साथ किया करार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बहराष्ट्रीय फ्लेक्सिबल पैकेजिंग एंड सॉल्यूशंस कंपनी यूफ्लेक्स ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग (आईआईपी) दिल्ली के साथ करार किया है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस गठजोड़ का उद्देश्य रीसाइकिलिंग, सर्कुलर इकोनॉमी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के तहत यूफ्लेक्स ने आईआईपी कैंपस में एक आइडीऐशन ज़ोन स्थापित किया है। यह पैवेलियन छात्रों, पेशेवर और अन्य लोगों के लिए एक इंटरैक्टिव स्पेस की तरह का काम करेगा, जहां वे पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं के बारे में जान सकेंगे। इस जोन का उद्घाटन आज यूफ्लेक्स लिमिटेड के डायरेक्टर - सस्टेनेबिलिटी जीवराज पिल्लई ने किया। यह सर्कुलर इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ निर्धारित विभिन्न शैक्षणिक पहल की शुरुआत है।

श्री पिल्लई ने कहा, आईआईपी दिल्ली के साथ यूफ्लेक्स की साझेदारी रीसाइकिलिंग एवं सस्टेनेबिलिटी के महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। हमारा मानना है कि पैकेजिंग उद्योग में बदलाव लाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य भविष्य के पैकेजिंग लीडर एवं पेशेवर को सर्कुलर इकोनॉमी एवं समावेशी नवाचार के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इससे ज्यादा सस्टेनेबल एवं जिम्मेदार भविष्य के निर्माण में मदद मिलेगी।

## रेडमी नोट 14 5जी सीरीज़ ने दो हफ्तों में किया एक हजार करोड़ का कारोबार

**लखनऊ।** देश के लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड शाओमी इंडिया की रेडमी नोट 14 5जी सीरीज़ ने भारत में सिर्फ़ दो हफ़्तों के भीतर एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त कर बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। लखनऊ के एक होटल में बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में रेडमी 14सी 5जी की ग्लोबल लॉन्चिंग के मौके पर कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) वरुण मदान और सहायक निदेशक (प्रोडक्ट) गौतम बत्रा ने दावा किया कि रेडमी 14सी सीरीज भारतीय ग्राहकों की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा कर रही है और रेडमी नोट 14 5जी सीरीज़ की यह उपलब्धि रेडमी 14सी 5जी के लॉन्च को और भी शानदार बनायेगी। उन्होने कहा कि रेडमी 14सी 5जी को अत्याधुनिक फीचर्स और उम्दा परफॉरमेंस के साथ-साथ बिजली की तरह तेज़ 5जी कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेडमी 14सी 5जी शुक्रवार से एमआई.कॉम, अमेज़न.इन, फ्लिपकार्ट और अधिकृत शाओमी रिटेल पार्टनर्स पर उपलब्ध होगा जिसके 4जीबी + 64जीबी वेरिएंट की कीमत नौ हजार 999 रुपये रखी गयी है जबकि 4जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 10 हजार 999 रुपये और 6जीबी+128जीबी वैरिएंट की कीमत 11 हजार 999 रुपये होगी। उन्होने कहा कि स्मार्टफोन में 17.5 सेमी (6.88 इंच) का एचडी+डॉट ड्रॉप डिस्प्ले लगाया गया है वहीं डिवाइस में स्नैपड्रैगन 4 जेन 2 5जी प्रोसेसर लगाया है, जो बेहतर कार्यक्षमता और प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।

## शक्कर में तेजी, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहनों में नरमी, दाल- चावल यथावत

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में बढ़त देखी गई। खाद्य तेलों में मांग सुस्ती से भाव कमी लिए रहे। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली रही। दलहनों में नरमी रही। आज तुअर घटकर बिकी। दालों में मांग रही। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

**किराना बाजार**

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख सुधार से मजबूत बिकी। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला दिसावर के साथ ऊंचा होकर बिका। खोपरा बूरा तथा हल्दी में मांग रही।

**तेल-तिलहन**

खाद्य तेलों में लिवाली सुस्ती से पाम तेल के भाव में कमी हुई। तिलहन में उठाव से सोयाबीन में मजबूती दर्ज की गई। सरसों तथा सोयाबीन में पूछपरख सुधार लिए बताई गई।

**दाल-दलहन**

संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज नरमी लिए बताया गया। आज तुअर 100 रुपये सस्ती बिकी। दाल तथा चावल में लिवाली से भाव स्थिरता लिए बताए गए।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.31 प्रतिशत गिरकर 73.09 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत की उतरकर 76.00 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2025 में 2.8 प्रतिशत, भारत की वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहेगी : संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक कार्य प्रभाग की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार निवेश और उपभोक्ता मांग में नरमी तथा देशों पर कर्ज के बोझ की समस्या का सामाना कर रही विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर वर्ष 2025 में 2024 के अनुमानित 2.8 प्रतिशत के स्तर पर बनी रहेगी।

विश्व की आर्थिक स्थिति एवं संभावनाओं पर- वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एवं प्रॉस्पेक्ट्स (डब्ल्यूईएसपी, 2025) शीर्षक इस रिपोर्ट में 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।इस रिपोर्ट का अनुमान है कि वैश्वकि व्यापार में 2025 में वृद्धि 3.2 प्रतिशत रह सकती है, जबकि 2024 में व्यापार वार्षिक आधार पर यह दर 3.4 प्रतिशत बढ़ा था। वर्ष के दौरान वैश्विक




मुद्रास्फीति वर्ष 2024 के चार प्रतिशत की तुलना में 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई है। वर्ष 2025 में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि 2024 के 2.8 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़ कर 1.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन 4.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत रहेगी। यूरोपीय संघ की अर्थव्यवस्था 2024 की अनुमानित 0.9 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकती है। वर्ष 2025 में वैश्विक जीडीपी में वृद्धि 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था ने 2024 में परिस्थितियों के समक्ष मजबूती और जुझारुपन दिखाया है, लेकिन अभी वैश्विक आर्थिक वृद्धि महामारी के पहले के औसत 3.2 प्रतिशत वार्षिक से कम बनी हुई है।रिपोर्ट अनुसार निवेश कम है, उत्पादकता वृद्धि भी धीमी है और कई अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज का बोझ बड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार कई देशों में मुद्रास्फीति कम होने और मौद्रिक नीतियों में ढील से 2025 में आर्थिक गतिविधियां बढ़ने की संभावना है, लेकिन भू-राजनीतिक परिस्थितियों, व्यापार प्रतिबंधों और ऋण महंगा होने से आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता बनी हुई है।

## दिल्ली में नाबार्ड ग्रामीण महोत्सव सम्पन्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में छह दिन चला राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण भारत महोत्सव भारत मंडपम में एक जीवंत समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। नाबार्ड की आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा, छह दिवसीय महोत्सव ने एक सशक्त ग्रामीण भारत की कल्पना करने के लिए देश भर के हितधारकों को एक साथ लाया। इस कार्यक्रम ने 2047 तक 'विकसित भारत' प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ ग्रामीण परिवर्तन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। नाबार्ड ग्रामीण भारत महोत्सव के कार्यक्रमों की सफलता के बारे में विज्ञप्ति में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण के हवाले से कहा, ÷ग्रामीण भारत महोत्सव 2025, देश के आर्थिक विकास और वैश्विक मंच पर हमारे देश की स्थिति में ग्रामीण भारत के बढ़ते अवसरों तथा गावों की भूमिका का सम्मान है। ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 के समापन समारोह के दौरान नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी ने कहा कि कार्यक्रम के छह दिनों में, किसान, कारीगर, उद्यमी और संस्थान एक अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने के लिए एक साथ आए। महोत्सव ने जैविक खेती, सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण, जीआई-टैग किए गए उत्पादों और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जीवंत विरासत में नवाचारों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा, भारत का ग्रामीण क्षेत्र देश के आर्थिक भविष्य की आधारशिला है, और इसकी क्षमता को मुक्त अवसर देने के लिए अनुकूलित वित्तपोषण, मजबूत केवाईसी प्रक्रियाओं और किसानों, महिलाओं और वंचित समुदायों के साथ भागीदारी की आवश्यकता है।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 350 रुपये से लेकर 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शानदार तिमाही नतीजे से गदगद टीसीएस ने किया डबल डिविडेंड का ऐलान, 17 जनवरी रिकॉर्ड डेट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के आईटी सेक्टर की बड़ी कंपनियों में से एक टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये का तीसरा अंतरिम डिविडेंड जारी करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही टीसीएस ने 1 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर 66 रुपये का स्पेशल डिविडेंड भी घोषित किया है। कंपनी के शेरहोल्डर्स को स्पेशल डिविडेंड और अंतरिम डिविडेंड 3 फरवरी को दिया जाएगा। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 17 जनवरी तय की गई है।

मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे के साथ किए गए कंपनी के इस ऐलान के मुताबिक 17 जनवरी को जिन शेयर होल्डर्स के पास टीसीएस के शेयर होंगे, उन्हें कंपनी की ओर से अंतरिम डिविडेंड और स्पेशल डिविडेंड दिया जाएगा। इसके पहले टीसीएस ने 2024-25 की पहली दोनों तिमाहियों में 10-10 रुपये के दो अंतरिम डिविडेंड घोषित किए थे। कंपनी द्वारा आज जारी तीसरी तिमाही के नतीजे के मुताबिक टीसीएस ने इस अवधि में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान कंपनी




का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह इस दौरान कंपनी के रेवेन्यू में भी करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के कारण कंपनी का रेवेन्यू 63,973 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया है। तिमाही नतीजों में मजबूती दिखाने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में टीसीएस के शेयर आज करीब 1.70 प्रतिशत लुढ़क गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर टीसीएस के शेयर आज 1.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,036.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इसी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर टीसीएस के शेयरों ने आज 1.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,038.85 रुपये के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

## साइबर सुरक्षा में निवेश बढ़ाएं कंपनियांः ले. जनरल नायर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम.यू. नायर ने उद्योगों की ओर से साइबर सुरक्षा में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि उद्योग जगत की हस्तियों को कॉर्पोरेट प्रशासन में एक मौलिक बदलाव और के बारे में विचार करना चाहिए। उन्होंने प्रमुख उद्योगों से अपने निदेशक मंडल में साइबर सुरक्षा पेशेवरों को शामिल करने और अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सुरक्षा संबंधी व्यापक रिपोर्ट भी शामिल करने का आग्रह किया। ले. जनरल नायर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के सहयोग से उद्योगमंडल मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 'साइबरकॉम 2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्योग के नेतृत्व वाले ऐसे सहयोगी केंद्रों की स्थापना का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जो भारत के जटिल डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर कई प्रणालियों और परतों की निरंतर निगरानी करेंगे। इस प्रस्तावित व्यवस्था मे साइबर सुरक्षा को एक सेवा के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसमें उद्योगों के संघ क्षेत्र-विशेष अवसंरचना की सुरक्षा की समूहिक जिम्मेदारी लेंगे। ले. जनरल नायर ने प्रतिनिधियों से कहा, हमें एक वाणिज्यिक मॉडल की आवश्यकता है, जहां उत्कृष्टता के क्षेत्रीय केंद्र निरंतर निगरानी और जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से प्रमुख उद्योगों की रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने तेजी से बढ़ते डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व साइबर सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है, देश के शीर्ष साइबर अधिकारी ने 1.2 अरब इंटरनेट से जुड़े उपकरणों की सुरक्षा के कार्य को एक प्रमुख मिशन बताया है। सरकार का मामना है कि जिसके लिए निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी की आवश्यकता है ।

## स्टॉक मार्केट में परमेश्वर मेटल की जोरदार एंट्री, पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को 45.44 प्रतिशत का मुनाफा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मेटल सेक्टर की कंपनी परमेश्वर मेटल के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 61 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग 38.52 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ 84.50 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर टूट कर 81.05 रुपये के स्तर तक गिर गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से पहले घंटे के कारोबार के बाद ये शेयर 88.72 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 45.44 प्रतिशत का फायदा हो गया है। परमेश्वर मेटल का 24.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 6 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। निवेशकों के जोरदार रिस्पॉन्स के कारण ये आईपीओ ओवरऑल 607.07 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 597.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।



सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 177.32 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,202.83 गुना आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 40.56 लाख नए शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी गुजरात में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी तैयार करने, कॉपर मेल्टिंग फर्नेस को रिनोवेट करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कबाड़ और बेकार हो चुके तांबे के सामानों से कॉपर का सामान बनाने वाली कंपनी परमेश्वर मेटल के दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय स्थिति लगातार मजबूत हुई है। 2021-22 में कंपनी को 6.85 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़ कर 8.90 करोड़ रुपये हो गया। साल 2023-24 में कंपनी को 7.22 करोड रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। इस दौरान कंपनी का राजस्व 22 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 1,102.46 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर 2024 के बीच कंपनी 5.70 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमा चुकी है, जबकि इस अवधि में उसे 757.31 करोड़ रुपये का राजस्व मिल चुका है।

## डेविन संस ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, अपर सर्किट के बावजूद निवेशकों को 16 प्रतिशत का नुकसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रेडीमेड कपड़े बनाने का कारोबार करने वाली कंपनी डेविन संस लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग ने आज कंपनी के आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे, लेकिन आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 44 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह स्टॉक मार्केट में एंट्री होते ही आईपीओ निवेशकों को 11 रुपये यानी 20 प्रतिशत के लिस्टिंग लॉस का सामना करना पड़ा। हालांकि लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये शेयर 46.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इसके बावजूद आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही डिस्काउंट लिस्टिंग की वजह से 16.36



प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ा। डेविन संस लिमिटेड का 8.78 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 6 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। रिटेल इन्वेस्टर्स के जोरदार रिस्पॉन्स के कारण ये आईपीओ ओवरऑल 120.8 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 164.78 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 15.96 लाख शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिए इकट्ठा किए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कैपिटल एक्सपेंडिचर, वेयरहाउस की खरीदारी, वर्किंग कैपिटल की जरूरत और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। डेविन संस मशहूर ब्रांडों के लिए हाई क्वालिटी जींस, शर्ट और डेनिम जैकेट जैसे रेडीमेड कपड़े का उत्पादन करती है। कंपनी को 2022-23 में 56.62 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जो 2023-24 में बढ़ कर 1.64 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 242 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 13.39 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान कंपनी को 73.59 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हो चुका है, जबकि इसे कुल 6.34 करोड़ रुपये का राजस्व मिल चुका है।

## महाकुंभ मेला में निर्माण कार्यों के लिए सेल ने 45 हजार टन स्टील की आपूर्ति की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महारत्न और देश की सबसे बड़ी स्टील बनाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। आपूर्ति की गई स्टील की कुल मात्रा में चेकर्ड प्लेट, हॉट स्ट्रिप मिल प्लेट, माइल्ड स्टील प्लेट, एंगल और जॉइस्ट शामिल हैं। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इससे पहले भी सेल ने 2013 के महाकुंभ मेले के दौरान स्टील की आपूर्ति की थी, जो इस उल्लेखनीय सार्वजनिक आयोजन के लिए कंपनी के निरंतर समर्थन को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा सप्लाई किया गया स्टील महाकुंभ मेला 2025 के सुचारू और सफल संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न




अस्थायी संरचनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनमें पोंटून पुल, मार्ग, अस्थायी स्टील पुल, सब-स्टेशन और फ्लाईओवर शामिल हैं। इस स्टील आपूर्ति के प्रमुख ग्राहकों में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, बिजली बोर्ड और उनके आपूर्तिकर्ता शामिल हैं।

सेल ने कहा है कि उसे इस तरह के बड़े पैमाने के आयोजन के लिए स्टील का योगदान करने पर गर्व है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। कंपनी राष्ट्रीय परियोजनाओं में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के बुनियादी ढांचे को बढ़ाती हैं और इसकी सांस्कृतिक और सामाजिक भलाई को बढ़ावा देती हैं।

## फ्लेक्स ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बहराष्ट्रीय फ्लेक्सिबल पैकेजिंग एंड सॉल्यूशंस कंपनी यूफ्लेक्स ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग (आईआईपी) दिल्ली के साथ करार किया है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस गठजोड़ का उद्देश्य रीसाइकिलिंग, सर्कुलर इकोनॉमी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के तहत यूफ्लेक्स ने आईआईपी कैंपस में एक आइडीऐशन ज़ोन स्थापित किया है। यह पैवेलियन छात्रों, पेशेवर और अन्य लोगों के लिए एक इंटरैक्टिव स्पेस की तरह का काम करेगा, जहां वे पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं के बारे में जान सकेंगे। इस जोन का उद्घाटन आज यूफ्लेक्स लिमिटेड के डायरेक्टर - सस्टेनेबिलिटी जीवराज पिल्लई ने किया। यह सर्कुलर इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ निर्धारित विभिन्न शैक्षणिक पहल की शुरुआत है।श्री पिल्लई ने कहा, आईआईपी दिल्ली के साथ यूफ्लेक्स की साझेदारी रीसाइकिलिंग एवं सस्टेनेबिलिटी के महत्व को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। हमारा मानना है कि पैकेजिंग उद्योग में बदलाव लाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य भविष्य के पैकेजिंग लीडर एवं पेशेवर को सर्कुलर इकोनॉमी एवं समावेशी नवाचार के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तिमाही नतीजे को लेकर बनी आशंका, रुपये की कीमत में गिरावट और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद पहले 1 घंटे तक मामूली उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार होता रहा, लेकिन इसके बाद तेज बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में जोरदार गिरावट आ गई। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.68 प्रतिशत और निफ्टी 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के बाद एफएमसीजी को छोड़ कर स्टॉक मार्केट के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। रियल्टी, एनर्जी और ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह मेटल, आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर एफएमसीजी सेक्टर में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण एफएमसीजी इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 1.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 435.74 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 439.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.85 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,067 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,229 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,723 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 110 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,508 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 624 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,884 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 57.72 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,206.21 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद लिवाल और बिकवाल के बीच खींचतान होती रही।

# क्या होता है रेटिनॉल? ये स्किन पर कैसे करता है काम, डिटेल में जानें



**रेटिनॉल एक ऐसा मल्टीटास्टिंग स्किन केयर प्रोडक्ट है जो न सिर्फ एजिंग के लक्षणों को कम करता है, बल्कि ये कई और स्किन प्रॉब्लम से भी बचाने में हेल्पफुल है. फिलहाल इसे स्किन पर अप्लाई करने से पहले आपको कुछ गाइडलाइन को फॉलो करना जरूरी होता है तो चलिए जान लेते हैं कि क्या होता है रेटिनॉल और इसे कैसे यूज करना चाहिए.**

रेटिनॉल ये शब्द शायद आपने भी कई बार सुना होगा या फिर इसे अप्लाई करते होंगे, लेकिन आखिर रेटिनॉल क्या होता है जो आपकी त्वचा के एजिंग साइन को कम करता है. इससे जुड़े कई और सवाल भी होते हैं जैसे रेटिनॉल कितनी उम्र वालों को लगाना चाहिए, किस तरह से लगाना चाहिए और रेटिनॉल लगाने के लिए सही टाइम क्या होता है. ये एक ऐसा प्रोडक्ट है जो स्किन की एक नहीं बल्कि कई प्रॉब्लम से निजात दिला सकता है यानी रेटिनॉल मल्टीटास्किंग स्किन केयर प्रोडक्ट है. हालांकि इसे अपनी त्वचा पर अप्लाई करने से पहले इसके बारे में पूरी जानकारी होना जरूरी होता है, क्योंकि सही से अप्लाई न किया जाए तो इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं.रेटिनॉल बढ़ती उम्र में त्वचा की फाइन लाइन, झुर्रियों और डलनेस को कम करने के लिए लगाया जाता है. इसके अलावा ये मुंहासों, एक्ने, पिग्मेंटेशन आदि को कम करने में भी हेल्पफुल रहता है. यूवी किरणों से त्वचा को पहुंचने वाली क्षति को कम करने, रेडनेस, सूजन, ब्रेकआउट्स से बचाने का काम भी करता है. इससे डेड स्किन सेल्स डेवलप नहीं होते हैं और पोर्स भी क्लियर रहते हैं. इससे त्वचा में कसाव और चमक बनी रहती है क्योंकि रेटिनॉल त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है. तो चलिए जान लेते हैं रेटिनॉल के बारे में डिटेल में कुछ बातें.

क्या होता है रेटिनॉल?

रेटिनॉल सीधे तौर पर रेटिनोइड यानी विटामिन ए का एक रूप होता है. हालांकि यह सीधे तौर पर पावरफुल रेटिनोएड्स के उलट सिर्फ 2 प्रतिशत के फॉर्मूले पर तैयार किया जाता है. रेटिनॉल मार्केट में क्रीम, लोशन के अलावा सीरम के रूप में भी उपलब्ध रहता है. फिलहाल सबसे ज्यादा यूज रेटिनॉल का सीरम की तरह ही किया जाता है.

क्या हर कोई रेटिनॉल लगा सकता है?

रेटिनॉल का इस्तेमाल करना है और आपके मन में भी यह सवाल है कि क्या हर कोई रेटिनॉल लगा सकता है, तो जान लें कि क्या सावधानियां बरतनी चाहिए.

प्रेग्नेंसी या ब्रेस्टफीडिंग मदर

अगर आप प्रेग्नेंसी फेज में हैं तो रेटिनॉल को अवॉइड करना चाहिए. इसके अलावा ब्रेस्टफीडिंग मदर्स को भी रेटिनॉल का यूज करने स बचना चाहिए.

इन प्रॉब्लम वाले लें एक्सपर्ट से सलाह

अगर आपके चेहरे पर एक्जिमा है. बहुत ज्यादा मुंहासे या एक्ने हैं, स्किन सेंसेटिव है, ड्राई स्किन की प्रॉब्लम है, या फिर रोसैसिया (लंबी अवधि वाली त्वचा संबंधित समस्या, जिसमें लालिमा दाने, स्किन पर कोशिकाएं नजर आना) है तो रेटिनॉल के इस्तेमाल से पहले आपको त्वचा विशेषज्ञ से सलाह जरूरी लेनी चाहिए. रोसैसिया एक ऐसी स्किन प्रॉब्लम है जो साफ रंग वालों को ज्यादा परेशान करती है.

रेटिनॉल लगाते वक्त क्या उम्र का ध्यान रखना जरूरी है?

स्किन पर रेटिनॉल लगाने के लिए वैसे तो किन निर्धारित उम्र की समय सीमा तय नहीं है, लेकिन रेटिनॉल एक ऐसा प्रोडक्ट है जो एजिंग के लक्षणों को कम करने में सपोर्ट करता है. यही वजह है कि 30 की उम्र या इसके बाद रेटिनॉल का इस्तेमाल करना सही माना जाता है.

इसके अलावा अगर आप अपनी त्वचा में बदलाव देख रहे हैं जैसे डल स्किन, त्वचा ढीली होना तो डर्मोटोलॉजिस्ट से मिलकर आप रेटिनॉल के लिए सजेशन ले सकते हैं.

# अमृत-काल के इस कुम्भ में आखिर हलाहल क्यों छलके?



अलग-अलग लोगों के इन मेलों के शुरू होने को लेकर विभिन्न विचार हैं। जब से भी ये कुम्भ मेले प्रारम्भ हुए होंगे, लोगों ने इसका एक ही स्वरूप देखा था- वह है इसके द्वार हर किसी के लिये खुले हैं। सम्भवतः भारत का यही ऐसा मेला है जिसमें कोई किसी को बुलाता नहीं। न ही कोई किसी के आमंत्रण का इंतज़ार करता है। ऐसा हर कोई इनमें चला आता है।बस, ठीक एक हफ्ते के बाद प्रयागराज का विश्वप्रसिद्ध कुम्भ प्रारम्भ हो जायेगा। गंगा-जमुना-सरस्वती की त्रिवेणी पर भरने वाला यह महाकुम्भ देश के अन्य तीन कुम्भ मेलों (क्षिप्रा के किनारे उज्जयिनी, गोदावरी तीरे त्रयम्बकेश्वर-नाशिक और गंगा तट पर हरिद्वार में) से कहीं अधिक प्रसिद्ध और लोगों को आकर्षित करने वाला कुम्भ होता है। हर 12 वर्षों में अलग-अलग वक्त पर लगने वाले कुम्भ के माहात्म्य का कारण भी भिन्न-भिन्न है और यह देशव्यापी जुटान विभिन्न राशियों के मिलान पर होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सभी स्थानों पर लगने वाले कुम्भ का एक सार्वभौम कारण यही है कि ये चारों वे स्थान हैं जहां समुद्र मंथन से निकले अमृत के लिये जब छीना-झपटी हुई तो उस बेशकीमती द्रव्य की चार बूंदें छलक कर इन्हीं स्थानों पर गिरी थी। अबकी फिर से बारी प्रयागराज की आई है (14 जनवरी से 26 फरवरी तक), लेकिन इसे लेकर जिस प्रकार के विचार तत्व अभी से सामने आ रहे हैं उससे साफ है कि अमृत-काल में पड़ने वाले इस कुम्भ में, वह भी नये भारत के धर्म-राज उत्तर प्रदेश में हिन्दुओं के इस महा समागम में अमृत-वृष्टि कम और हलाहल जमकर छलकने जा रहा है। पौराणिक काल में इन स्थानों पर अमृत छलकता हुआ देखने वाले तो अब दुनिया में रहे नहीं, लेकिन सभी पक्ष यदि समझदारी बरतें तो सामाजिक सौहार्द्र तथा समरसता के घट में इतना अमृत तो अब भी बचा हुआ है कि उसका आचमन कर देश में परस्पर प्रेम को अजर-अमर किया जा सकता है।

अलग-अलग लोगों के इन मेलों के शुरू होने को लेकर विभिन्न विचार हैं। जब से भी ये कुम्भ मेले प्रारम्भ हुए होंगे, लोगों ने इसका एक ही स्वरूप देखा था- वह है इसके द्वार हर किसी के लिये खुले हैं। सम्भवतः भारत का यही ऐसा मेला है जिसमें कोई किसी को बुलाता नहीं। न ही कोई किसी के आमंत्रण का इंतज़ार करता है। ऐसा हर कोई इनमें चला आता है जिसे आने की इच्छा हो। हर जाति, सम्प्रदाय, मजहब के लोग इसमें आते हैं। जो किसी धर्म में यकीन नहीं करते वे भी इसमें दिख जायेंगे। इतना ही नहीं, इसकी ख्याति इस कदर विश्वव्यापी है कि बड़ी तादाद में विभिन्न देशों के लोग आते हैं। यहां कोई किसी को आने से मना नहीं करता, न ही कोई तय करता रहा है कि कौन आयेगा कौन नहीं। पहली बार रीत बदली है। पिछली नवम्बर में अखाड़ा परिषद ने ऐलान कर दिया कि गैर हिन्दू लोगों को इसमें दुकानें नहीं लगाने दी जायेंगी।

अप्रत्यक्ष तौर पर मुस्लिमों के लिये नो एंट्री। देखा-देखी कुछ मुस्लिम संगठन भी उतर आये। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रिजवी ने पहले तो इसे असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक कहा था, पर अब उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस मेले में बड़ी तादाद में मुसलमानों का धर्मांतरण किया जा सकता है। इसलिये सीएम को चाहिये कि अखाड़ा परिषद व नागा संन्यासियों के मंसूबों को पूरा न होने दें जिन्होंने मेला क्षेत्र में मुसलमानों की दुकानों को प्रतिबंधित करने की मांग की है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की उत्तरप्रदेश इकाई के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी भी इसे संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हैं। वैसे ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने उदार रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि कोई मुसलमान अपने ज्ञानवर्धन के लिये इसमें जाना चाहे तो कोई आपत्ति नहीं है। उनके अनुसार- इस्लाम इतना कमजोर व हल्का नहीं कि कुछ लोगों के कहीं खड़ा होने, मेला देखने अथवा किसी मजहबी इबादतगाह को देखने से वह कमजोर पड़ जायेगा।

वैसे तो कुम्भ केवल धार्मिक मेला नहीं है, लेकिन यदि इसका आधार धार्मिक ही मान लिया जाये तो इस वाद-विवाद को मजहबी लोगों की बहस हेतु छोड़ दिया जाना चाहिये था, लेकिन अब इसे लेकर कुछ गैर मजहबी लोगों का प्रवेश हो चुका है। अब तक तो महाकुम्भ में संकीर्ण बातों अथवा किसी राजनैतिक दल या विचारधारा के प्रचार-प्रसार में किसी की रुचि नहीं होती थी; लेकिन हाल के दिनों में कवितागिरी से ज्यादा रामनामी ओढ़कर कथा बांचने में अधिक रुचि ले रहे कुमार विश्वास अभी से वहां धूनी रमा चुके हैं। वे तीन दिन (7-9 जनवरी) वहां कथा सुना रहे हैं। उन्होंने वहां ललकार लगाई कि मायानगरी वाले सुन लें कि अब ऐसा नहीं चलेगा कि वे पैसा व शोहरत जनता से लें लेकिन अपने बच्चे का नाम बाहर से आये किसी आक्रमणकारी के नाम पर रखें। उनका आशय फिल्मी कलाकार सैफ अली खान व करीना कपूर के बच्चे से था जिसका नाम तैमूर है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कुम्भ में वे ही आयें जो राम को मानते हैं।

यह वाकई लोगों को हैरत में डालने वाली या उन्हें नाराज़ करने की बात है क्योंकि हिन्दू धर्म की ही बात करें तो वह बहुदेववादी है। इसमें विभिन्न सम्प्रदायों व मान्यताओं वाले लोग हैं जो एक सा श्रद्धा भाव लेकर कुम्भ में आते हैं। दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि भारत में हिन्दुओं के भीतर के कई सम्प्रदायों की आस्था का केन्द्र कोई और भी भगवान हो सकते हैं, कोई भी अवतार।कुमार विश्वास यह भी भूल जाते हैं कि भारत में कई धर्म हैं जिनके आराध्य या श्रद्धा के केन्द्र दूसरे लोग हैं, फिर वे भगवान बुद्ध हो सकते हैं या महावीर। सिख धर्म तो गुरु ग्रंथ साहिब को मानता है। ऐसे में कुमार विश्वास की बात भारतीयों को बांटने वाली होगी तथा यह कुम्भ की भावना के ठीक विपरीत है। अब तक तो देखा यही गया है कि सभी चारों कुम्भ मेलों में तमाम धर्मों व सम्प्रदायों के लोग शिरकत करते हैं। दरअसल यहां सभी के लिये कुछ न कुछ होता है। यहां तक कि फोटोग्राफर, कलाकार, करतबबाज, गायक, लेखक, पत्रकार सभी इसमें पहुंचते हैं। यहां तक कि बड़ी संख्या में विदेशों से भी लोग आते हैं जिसके कारण भारत की संस्कृति व पर्यटन का प्रचार होता है। इनमें से ज्यादातर अलग धर्मों के होते हैं। इतना ही नहीं, भारत का समाज किस प्रकार का है, इसकी भी झलक इस मेले से मिलती है। नफरत फैलाकर कुमार विश्वास कोई राजनीतिक एजेंडा चला रहे हैं।बात यहीं तक नहीं ठहरती। राष्ट्रवादी कवि कहे जाने वाले मनोज मुंतशिर ने भी एक बयान दे दिया है। उन्होंने मुस्लिमों से पांच प्रश्न पूछे हैं और कहा है कि यदि उनके पास उनके जवाब हों तो वे मुस्लिमों के कुम्भ प्रवेश की बात करें। उनके सवाल हैं- क्या इस्लाम मूर्ति पूजा में विश्वास करता है, क्या मुसलमान समुद्र मंथन व अमृत मंथन की थ्योरी में भरोसा करते हैं, क्या संगम का इस्लामिक धर्म में महत्व है, क्या मुसलमान मानते हैं कि कि नागा साधुओं के दर्शन से जन्मों के पाप कट जाते हैं; और क्या मकर संक्रांति व मौनी अमावस्या का जिक्र इस्लाम में है? मनोज ने कह दिया है कि यदि ऐसा नहीं है तो कुम्भ मुसलमानों के लिये एक पिकनिक स्पॉट से अधिक कुछ नहीं है।उनके मुताबिक हिन्दुओं के लिये कुम्भ 12 वर्षों का इंतज़ार है। कई बुजुर्ग मरने के पहले इसे देखने की प्रतीक्षा करते हैं। स्वाभाविक है कि मुसलमानों की मान्यताएं एकदम अलग हैं और वे हिन्दुओं का आस्था से मेल नहीं खातीं; वैसे ही जिस प्रकार से हिन्दूवादी श्रद्धा का मिलान इस्लाम, ईसाईयत, यहूदी, बौद्ध आदि किसी से नहीं हो सकता। मुंतशिर यह भी जान लें कि करोड़ों हिन्दुओं ने कभी भी कोई भी कुम्भ नहीं देखा है। इंतज़ार करना तो दूर, उन्हें पता तक नहीं चलता कि कुम्भ कब आया और चला गया।

## संपादकीय

# फिर नक्सली हमला

नक्सलवाद को खत्म करने के तमाम दावों के बीच छत्तीसगढ़ की धरती एक बार फिर लहूलुहान हुई है। सोमवार को बस्तर में बीजापुर जिले में नक्सलियों ने फिर एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। एक ऑपरेशन से लौट रहे जिला रिजर्व गार्ड के एक वाहन को आईईडी का इस्तेमाल कर नक्सलियों ने उड़ा दिया। जिला रिजर्व गार्ड या डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय आदिवासियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है। यानी कहा जा सकता है कि नक्सलियों ने इस बार अपने ही पूर्व साथियों और उन निर्दोष स्थानीय आदिवासियों को निशाने पर लिया है, जो दो पाटों में फंसे हुए हैं। सुरक्षा और जांच एजेंसियों की निगाहें उन पर रहती हैं और वहीं नक्सली उन पर संदेह की निगाह रखते हैं।सोमवार को हुए नक्सली हमले में 8 जवान और एक ड्राइवर की शहादत हुई है। हमला बीजापुर जिले के बेदरे-कुटरू रोड पर हुआ। बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना ज़बरदस्त था कि जवानों का वाहन कई मीटर ऊपर उछल गया और ज़मीन में 8-10 फीट गहरा गड्ढा बन गया। धमाके के बाद शव और गाड़ी के टुकड़े 20 फीट के दायरे में बिखर गए। अधिकारियों का कहना है कि आईईडी काफी पुराना था और उस पर घास उग आई थी। विस्फोट में उड़े बारुद की गंध अभी हवा में बिखरी हुई है और इधर घटना पर घिसी-पिटी प्रतिक्रियाओं और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो चुका है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए माओवादियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। साय ने कहा, %नक्सली हताशा में कायरतापूर्ण कृत्य कर रहे हैं। वे बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों से निराश हैं। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारी लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %बीजापुर (छत्तीसगढ़) में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।%

इससे पहले जब 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर-सुकमा जिले की सीमा पर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 21 जवानों की शहादत हुई थी, तब भी श्री शाह ने कहा था कि नक्सलियों को सही वक्त आने पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पिछले साल अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलियों के सफाए का दावा किया था। खुशी की बात है कि वे अब भी अपने इस दावे पर कायम हैं। हालांकि इससे पहले 2018 में तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने अगले तीन सालों यानी 2021 तक नक्सलवाद को खत्म करने के दावे किए थे और उनसे पहले यूपीए सरकार में गृहमंत्री पी. चिदम्बरम ने 2010 में दावा किया था कि 2013 तक नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में ही चुनाव प्रचार के दौरान अप्रैल 2024 में कहा था कि वे नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे।

हर नक्सल घटना को कायरतापूर्ण हरकत करार दे[ते] हुए मुंहतोड़ जवाब देने और नक्सलियों को खत्म कर[ने] के दावों की सूची तैयार की जाए तो वह काफी लंबी ब[न] जाएगी। इस सूची में कांग्रेस और भाजपा दोनों सरका[रों] के दावे एक जैसे ही हैं। दोनों दलों की सरकारें चाहे कें[द्र] में रही हों या राज्य में, नक्सलवाद की चिंता से छत्तीसग[ढ़] मुक्त नहीं हो पाया है, ये एक कड़वी सच्चाई है। अलबत्[ता] इसके लिए जो योजनाएं बनाई जा रही हैं, उन्हें लुभाव[ने] नाम देकर अनाप-शनाप खर्च किया जाता है।

2015 में ही मोदी सरकार ने देश के नक्स[ल] प्रभावित इलाकों के लिए नेशनल पॉलिसी और एक्श[न] प्लान तैयार किया था, जिसके तहत करीब दर्जन भ[र] योजनाएं लाई गईं। इनका मकसद नक्सल प्रभावित क्षेत्[रों] को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना था। इससे पह[ले] 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह [ने] नक्सलवाद को देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खत[रा] बताते हुए कहा था.

# बुनियादी ढांचे में निवेश करने में निजी क्षेत्र की कम हिस्सेदारी चिंता का विषय

बहुत अधिक रोजगार और आय के साथ, दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बहुत अधिक जीडीपी वृद्धि हासिल कर सकता था। चूंकि निजी क्षेत्र रोजगार को आवश्यक बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे के निवेश से जूझ रहा है, इसलिए सरकार को अर्थव्यवस्था को बहुत तेज दर से बढ़ाने के लिए इस अंतर को पाटना चाहिए।भारत की जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट समझ में आती है। सरकार के दावों के विपरीत, नौकरी बाजार में भी गिरावट आई है। आम तौर पर आय वृद्धि कम हो रही है। उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग दैनिक आवश्यकताओं को छोड़कर अन्य वस्तुओं में पर्याप्त खर्च नहीं कर रहा है, क्योंकि उनकी वास्तविक आय नहीं बढ़ रही है। एफएमसीजी क्षेत्र कारोबार और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

उदाहरण के लिए, सबसे अधिक बिकने वाले नहाने के साबुन की टिकिया ने कई वर्षों तक लगभग 10 रुपये प्रति साबुन के लगभग स्थिर मूल्य स्तर को बनाये रखा है। हिंदुस्तान यूनिलीवर की कुल आय पिछले कुछ वर्षों में रैखिक रूप से बढ़ी है। 2024 की तीसरी तिमाही में इस कम्पनी ने दो प्रतिशत की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि और तीन प्रतिशत की अंतर्निहित मात्रा वृद्धि की सूचना दी।

लगातार मुद्रास्फीति के कारण कंपनियों द्वारा अत्यधिक चुनिंदा मूल्य हेरफेर, पैक के आकार में कमी और लागत में कटौती हो रही है। देश को अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत आय, मांग और व्यय को बढ़ाने के लिए एक मजबूत रोजगार वृद्धि की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हो रहा है।

2024 में भारत की प्रति व्यक्ति आय वृद्धि दर केवल 2.73 प्रतिशत थी, जबकि अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर 6.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुद्रास्फीति दर 6.68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों के लिए 5.62 प्रतिशत थी। सितंबर में, मुद्रास्फीति दर नौ प्रतिशत तक पहुंच गई। यह कुछ हद तक समझा सकता है कि भारत की हाल ही में प्रकाशित दूसरी तिमाही (वित्त वर्ष 2024-25) की आर्थिक वृद्धि सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर क्यों आ गई। यह 2023-24 की इसी तिमाही में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में बड़ी गिरावट है।संयोग से, देश के केंद्रीय बैंक, आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जो पिछले वर्ष के 8.2 प्रतिशत से कम है, हालांकि कई निजी अर्थशास्त्रियों ने अपने अनुमान कम कर दिये हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाने का सुझाव दिया है।वास्तव में, कर्ज में डूबे अडानी समूह को छोड़कर, कुछ निजी क्षेत्र की फर्मों ने समय लेने वाले बुनियादी ढांचे के निवेश में रुचि दिखाई है। कुछ कंपनियां सुरक्षित और तेज रिटर्न के मद्देनज़र रियल एस्टेट क्षेत्र में विवेकपूर्ण तरीके से निवेश कर रही हैं। यह उन कुछ उल्लेखनीय विकास क्षेत्रों में से एक है जो आवासीय परिसरों के भीतर सीमेंट, स्टील, स्टोन चिप्स, लिफ्ट और सड़कों जैसे उद्योगों में रोजगार का समर्थन करने के अलावा, ज्यादातर संविदात्मक प्रकृति के रोजगार पैदा कर रहे हैं।



प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल हैंः डीएलएफ लिमिटेड, गोदरेज प्रॉपर्टीज, प्रेस्टीज ग्रुप, अंसल, आशियाना, पार्श्वनाथ डेवलपर्स, ओबेरॉय रियल्टी, एल एंड टी रियल्टी, महिंद्रा लाइफस्पेस, मर्लिन ग्रुप, स्टेपस्टोन बिल्डर्स, प्रॉपेंसिटी और अंबुजा ग्रुप। वे ज्यादातर समाज के मध्यम और उच्च-मध्यम वर्ग की मांग को पूरा करते हैं।

रियल एस्टेट डेवलपर्स के साथ-साथ सड़क निर्माण कंपनियां और ठेकेदार भी संविदा रोजगार और जीडीपी वृद्धि में बहुत योगदान दे रहे हैं।उत्तरार्द्ध का एक बड़ा श्रेय देश के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी को जाता है, जिन्होंने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए काम किया है। भाजपा के दिग्गज नेता 2014 से ही इस विभाग के प्रभारी बने हुए हैं। इस क्षेत्र में सरकार की जबरदस्त सफलता में लार्सन एंड टुब्रो, आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, वीआरसी ग्रुप, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी, इंजीनियर्स इंडिया, एफकॉन, टाटा प्रोजेक्ट्स, एचजीइंफ्रा इंजीनियरिंग, केएनआर कंस्ट्रक्शन, जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और पीएनसी इंफ्राटेक जैसी कंपनियों का योगदान रहा है। एलएंडटी ने दिल्ली-आगरा रोड और मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट जैसी बड़ी परियोजनाओं पर काम किया है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने अहमदाबाद-वडोदरा सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे और नेहरू आउटर रिंग रोड (हैदराबाद ओआरआर) परियोजना सहित बड़ी, जटिल राजमार्ग अवसंरचना परियोजनाओं पर काम किया है।

हालांकि, अगर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के रिकॉर्ड देखें तो पिछले एक दशक में देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का सरकार का ताजा दावा कुछ हद तक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया लगता है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अनुसार, एनडीए शासन के पिछले 10 वर्षों में 1790 लाख नयी नौकरियां सृजित की गई। हालांकि, ईपीएफओ के रिकॉर्ड बताते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 में पेरोल में नये सदस्यों की संख्या केवल 107 लाख थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 114 लाख से कम है। बताया गया है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में 610 लाख सदस्य ईपीएफओ से जुड़े हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में औपचारिक नौकरी सृजन की वृद्धि दर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सबसे अधिक रही। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा और गुजरात में कुल शुद्ध सदस्य वृद्धि का 59.27 प्रतिशत हिस्सा रहा, जबकि 21 अन्य भारतीय राज्य और आठ केंद्र शासित प्रदेश नयी नौकरी सृजन, आय सृजन और प्रति व्यक्ति खपत के मामले में पिछड़ते दिखे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 2023-24 में ग्रामीण और शहरी भारत में औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय क्रमशः 4,122 रुपये और 6,996 रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है, जिसमें विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से परिवारों द्वारा मुफ्त में प्राप्त वस्तुओं के मूल्यों को शामिल नहीं किया गया है।

कमजोर निजी खपत 2024 में भारत की धीमी जीडीपी वृद्धि का एक कारक थी। रोजगार और आय वृद्धि की कम दर ने उपभोग वृद्धि को धीमा कर दिया। बढ़ती मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की, वास्तविक मजदूरी में गिरावट के साथ घरेलू बजट को कम कर दिया, जिससे लोगों को आवश्यक वस्तुओं पर भी कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा। निर्माताओं के लिए कम लाभप्रदता ने उच्च मुद्रास्फीति के बीच वास्तविक आय और मजदूरी वृद्धि को प्रभावित किया। कम सरकारी खर्च ने निजी उपभोग बाधाओं को और बढ़ा दिया।



# ठंडे मौसम का गर्म फैशन



"विंटर में आप मोनोक्रोम ड्रेसेस (सिंगल कलर की ड्रेस) या मिक्स एण्ड मैच दोनों तरह की ड्रेसिंग स्टाइल को ट्राय कर सकते हैं। मिनी स्कर्ट के साथ लैगिंग्स का कॉम्बिनेशन लुक में लाजवाब होता है। लैगिंग्स के फेब्रिक में चैंज चाहने वाले फैशन प्रेमी ऊनी लैगिंग्स भी ट्राय कर सकते हैं।

## वूलन में देखिए फील गुड फैक्टर

*ठंड ने न केवल दस्तक दे दी है बल्कि यह अपना असर भी दिखाने लगी है। फैशन के लिहाज से यह मौसम युवाओं के लिए अनुकूल होता है। और इसमें में भी यदि बात वूलन फैशन की हो तो क्या कहने। लेदर के साथ ही युवाओं में वूलन के प्रति क्रेज बना हुआ है। प्रस्तुत हैं वूलन फैशन को लेकर कुछ उपयोगी जानकारियां:-*

➢ वूलन बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। इनमें इतने कलर्स और डिफरंट पैटर्न की डिजाइन उपलब्ध हैं कि इन्हें ट्राई कर आप अपना एक बहुत ही सॉफ्ट, हॉट और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट बना सकते हैं। चाहे मफलर हो, स्वेटर हो या फिर कैप ही क्यों न हो ये खूबसूरत लगते हैं।

इसलिए अपने रंग के अनुसार कलर चुनें और अपनी सुविधा का सबसे ज्यादा खयाल रखें। यानी फैशन का अंधानुकरण न करें। जो आप पर फबे, जचे और सुविधाजनक लगे वही फैशन अपनाएं।

➢ आप स्वेटर खरीदें या मफलर ये जरूर देख लें कि फेब्रिक की कम्पोजिशन क्या है। लेबल देखें। सही साइज देखें और सुनिश्चित कर लें कि यह आपके लिए सूटेबल है।

➢ यह ध्यान से देखें कि आप जो खरीद रहे हैं वह वेल मेड है कि नहीं। टॉप स्टीचिंग इवन होने चाहिए। लाइनिंग में पिकरिंग न हो। और किसी भी तरह का कोई लूज थ्रेड न हो। इन बातों का खास खयाल रखें।

➢ आप जिस फेब्रिक को खरीद रहें, क्या वह पहनने और चलने के बाद नाइसली फ्लो हो रहा है? क्या फेब्रिक का वेट आपको ठीक लग रहा है?


➢ ध्यान रखें कि आपने जो भी चीज खरीदी है वह आपकी बॉडी अगेंस्ट फील गुड करा रही है या नहीं। वह चुभने वाली या गड़ने वाली न हो।

स्कर्ट के साथ शार्ट जैकेट की बजाय थ्री फोर्थ या लांग जैकेट पहनें। लांग जैकेट को आप साड़ी सूट, शर्ट आदि के साथ भी पहन सकते हैं। शॉल की बजाय स्टोल लुक व उपयोग दोनों के लिहाज से बेहतर माने जाते हैं।

इस सीजन में दो डिफरेंट रंगों के कॉम्बिनेशन को ट्राय करें। अर्दी शेड वाली ड्रेस पर ब्राइट कलर का फंकी जैकेट या स्कार्फ ट्राय करें।

### एक्सपर्ट व्यू

विंटर में जंपर्स का कोई विकल्प नहीं है। कूल और कंफर्टेबल जंपर्स को आप कोट के साथ भी पहन सकते हैं। ब्लैक कोट का फैशन इस बार भी विंटर में इन रहेगा। ब्लैक कोट के साथ आप ऑरेंज, रेड और ग्रीन कलर का स्कार्फ या मफलर ट्राय कर ट्रेंडी लुक पा सकते हैं। फेब्रिक में शिमर के साथ ही मैटल और प्लास्टिक शाइन वाले फेब्रिक्स को ट्राय किया जा सकता है। पोल्का डॉट्स, अलग-अलग नेक पैटर्न्स वाले फर और फेदर के जैकेट, एनिमल प्रिंट्स आदि की डिमांड इस सीजन में खूब रहेगी।



# इक बंगला बने न्यारा...

## नए घर का निर्माण, वास्तु के अनुसार

➢ भूखंड पर किसी भी प्रकार का जल संसाधन लगवाना हो तो इसके लिए सदैव (हैण्डपम्प, कुंआ, जेटपम्प आदि के लिए) उत्तर-पूर्व दिशा अर्थात ईशान कोण ही सही रहता है।

➢ भवन में खिड़कियां तथा रोशनदानों के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य घर में शुद्ध वायु का आगमन है।

➢ खिड़कियां तथा रोशन दानों का निर्माण सदैव दरवाजे के पास ही करें।

➢ दरवाजे के सामने या बराबर में खिड़कियां होने से चुंबकीय चक्र पूर्ण हो जाता है, जिससे भवन में सुख-शांति का वास होता है।

➢ खिड़की तथा रोशनदानों के निर्माण के लिए पूर्व, पश्चिम तथा उत्तर दिशा श्रेष्ठ एक शुभ फलदायक होती है।

➢ वायु प्रदूषण से बचाव के लिए घरों में शुद्ध वायु जिन दिशाओं से प्रवेश करे उनके विपरीत दिशाओं में एक्जॉस्ट फैन लगवाएं।

➢ भवन के उस भाग में जहां दो दीवारें मिलती हैं, खिड़कियां तथा रोशनदानों का निर्माण वहां न करवाएं। यह अशुभकारी निर्माण होता है।

➢ जब कोई व्यक्ति मुख्यद्वार में प्रवेश करता है तो मुख्य द्वार से निकलने वाली चुम्बकीय तरंगें उसकी बुद्धि को प्रभावित करती हैं।

➢ द्वार का भी सही दिशा में बनवाना आवश्यक है।

➢ प्रवेश द्वार सदैव अंदर की ओर खुलना चाहिए।

➢ प्रवेश द्वार दो पल्लों में हो तो बहुत ही उत्तम है।

➢ द्वार स्वतः ही खुलना व बंद होना नहीं चाहिए।





## जायकेदार बादाम-पिस्ते का हलवा

**समग्री:-** 100 ग्राम बादाम गिरी, 100 ग्राम पिस्ता, 150 ग्राम सूखी मलाई, 125 ग्राम मावा, 300 ग्राम शक्कर, 3-4 केसर लच्छे, हरी इलायची पावडर आधा चम्मच, 1 बड़ा चम्मच गुलाब जल, 125 ग्राम देशी घी।

**विधि:-** सर्वप्रथम मावे को दबा कर छलनी से मोटा-मोटा छान लें और मलाई की पतली स्ट्रिप्स काट लें। हलवा बनाने से 6-8 घंटे पूर्व बादाम पानी में भिगो दें।

तत्पश्चात बादाम के छिलके उतार कर मिक्सी में पीस लें। अब पिस्ता भी रवेदार पीस लें। कड़ाही में घी गरम कर बादाम को पानी सूख जाने तक भूनें। फिर पिस्ता डालकर तब तक सेकें, जब तक सिंकने की खुशबू न आए। अब इसमें मावा मिलाएं और थोड़ी देर और सेंक लें। मलाई डालकर 5 मिनट सेंकें। जब सिंकने की खुशबू आने लगे तब आंच से उतारें और केसर-इलायची व गुलाब जल मिला दें। शक्कर की 2 तार की चाशनी बना लें, इसमें मिश्रण डालें और गरमा-गरम मेवे का हलवा पेश करें।

## पौष्टिक बादाम मिल्क

**सामग्री:-** एक लीटर गाढ़ा दूध, 25 भीगे हुए बादाम, 100 चम्मच चीनी, आधा चम्मच इलायची पावडर, केसर कुछेक लच्छे।

**विधि:-** रात को भिगोए हुए बादाम का छिलका निकाल कर उसे मिक्सी में महीन पीस लें। एक कटोरी में थोड़ी मात्रा में दूध लेकर उसमें केसर भिगो दें। दूध को थोड़ी देर तक उबालें, फिर उसमें बादाम का पेस्ट मिलाइए। दूध को धीरे-धीरे हिलाते रहें ताकि वो तले पर चिपके नहीं। बादामयुक्त दूध को 20-25 मिनट तक पकाएं, फिर शक्कर डालें और थोडी देर तक पकाएं। अब इलायची और केसर घोल मिलाएं। गिलासों में भरकर बादाम का पौष्टिक दूध पेश करें। प्रचुर मात्रा में आयरन और कैल्शियम वाला यह दूध आपके शरीर के लिए फायदेमंद है।





# आयुर्वेद में बसा खूबसूरती का खजाना

**प्राचीन** काल से ही महिलाएं सौंदर्यवृद्धि के लिए घर पर उपलब्ध पदार्थों और औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियों का प्रयोग करती आई हैं। यह कहना भी गलत न होगा कि प्राकृतिक पदार्थों के प्रयोग से वे जितनी खूबसूरत और कांतियुक्त लगती थीं, आज कृत्रिम प्रसाधनों में वह बात नहीं आती। इसलिए एक बार फिर हवा आयुर्वेदिक गुणों से युक्त सौंदर्य प्रसाधनों की ओर बही है। आयुर्वेद से बने उबटन से जो प्राकृतिक निखार मिलता है, उसे रासायनिक प्रसाधन कभी नहीं दे सकते। आप भी घर बैठे आयुर्वेद से त्वचा को नई रंग दे सकती है। आयुर्वेद सौंदर्य का एक ऐसा जरिया है जो शरीर को मात्र अंदर से ही नहीं, बाहर से भी निखारता है।

जल्दी और स्थायी सौंदर्य के लिए आयुर्वेद बेहद आवश्यक है। कई ऐसी आयुर्वेदिक पद्धतियां और औषधियां है जो त्वचा को स्वस्थ बनाती है। साथ ही संपूर्ण शरीर को फायदा भी पहुंचाती हैं। आयुर्वेद में सुंदरता का एक भिन्न चरण भी होता है। इसके अंतर्गत सौंदर्य को अपने अंदर महसूस करना सिखाया जाता है। कहा जाता है। कि सुंदरता मनुष्य के मन में होती है। आयुर्वेद का यह चरण इसी सुंदरता को जगाता है। आयुर्वेद द्वारा भीतरी सुंदरता को जगाने के लिए व्यक्ति को बाहरी स्तर पर सुंदर बनाने के लिए कई विभिन्न अमूल्य औषधियों का प्रयोग किया जाता है। ऐसी ही कुछ खास औषधियों का मिश्रण त्वचा पर जादू जगा सकता है-

**नीलोत्पाला और पतंगा:**
नीलोत्पाला के फूल और पतंगा मिलकर त्वचा की कोशिकाओं को आराम देती हैं। और उसे नई चमक देती हैं।

**चंदन और ऊषीरा :**
ये दोनों अति आवश्यक आयुर्वेदिक सामग्रियां हैं। ये त्वचा की जलन को खत्म करती हैं। त्वचा को यह ठंडक प्रदान करके उसे स्वस्थ बनाते हैं। इनका प्रभाव क्षणिक न होकर काफी लंबे समय तक बना रहता है।

**मंजिष्ठा और कुमकुमा :**
ये दोनों सामग्री त्वचा के अंदर तक जाकर असर करती है। इनके प्रभाव से त्वचा पर बने चकतों (निशानों) से निजात मिलती है। अगर त्वचा के रंग में संतुलन नहीं है तो ये उस समस्या से भी समाप्त करती हैं।

**लकसा और कुमकुम ( कलकम ) :**
यह त्वचा को भीतर से स्वस्थ बनाकर उसे चमकदार बनाता है। इनके प्रभाव से त्वचा पर प्राकृतिक निखार आता है।

**पद्मकेसर और पद्मका :**
ये दोनों सामग्रियां त्वचा के लिए एस्ट्रीजेंट का काम करती है। त्वचा की टोनिंग के लिए यह अत्यंत लाभदायक साबित होती हैं।

**यष्टिमधु और कुमकुम ( कलकम ) :**
इन दोनों उपयोगी आयुर्वेदिक औषधियों से त्वचा पर निखार आता है और चमक देखते ही बनती है।

**अजक्षिरा और क्षीर:**
ये औषधियां मिलकर त्वचा को कंडीशन करके उसे कोमल और नम बनाती हैं।

**लोध्रा :**
यह आयुर्वेदिक औषधि त्वचा को गोरा बनाती है। साथ ही यह त्वचा की जलन को भी शांत करती है और ठंडक देती है।

# स्कार्फ बनाए आपको हॉट

**नरगिस** हो या नूतन, स्कार्फ का इस्तेमाल उस दौर की हीरोइनों ने किया और इसे फैशन स्टेटमेंट बनाया। अब यही स्कार्फ फैशन सिंकट में लौट आया है। किसी भी ड्रेस को अल्टीमेट लुक देने के लिए इसका इस्तेमाल जमकर किया जाने लगा है। सर्दियों में स्कार्फ आपकी पूरी पर्सनालिटी को डिफरेंट लुक देता है। यदि आप भी स्कार्फ का प्रयोग करना चाहती हैं तो कुछ खास बातों का ध्यान रखना होगा-



**फैब्रिक और कलर**
हैंड वूवेन के अलावा सॉफ्ट सिल्क, शिफॉन, क्रोशे, लाइट कॉटन और वूलेन फैब्रिक के स्कार्फ का प्रयोग करना अच्छा रहता है। ब्लू, ग्रीन, पेस्टल, लैवेंडर और रेड कलर के स्कार्फर्ट किसी भी ड्रेस को हॉट बना देते हैं। टोबैको, बटर, वाइन और लेमन ग्रास जैसे हॉट शेड्स में भी स्कार्फ मिलते हैं।

**डिजाइन और प्रिंट**
च्योमेट्रिक और फ्लोरल प्रिंट ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इन दिनों तो इम्ब्रॉयडरी, बीडेड और सेल्फ इंबॉस्ड स्कार्फ भी मिल रहे हैं।

**कैसे बांधे**
**जीन्स के साथ :** बेल्ट की जगह स्कार्फ बांध लीजिए। यह रेट्रो लुक देता है। प्लेन डेनिम पर प्रिंटेड स्कार्फ बहुत अच्छा दिखता है।

**ड्रेस के साथ :** किसी भी सिंपल ड्रेस को एक्सेसराइज करने के लिए प्रिंटेड, डार्क कलर या इम्ब्रॉयडरी वाले स्कार्फ का इस्तेमाल करके उसे हॉट बनाया जा सकता है। किसी भी बोल्ड कलर में प्लेन स्कार्फ काफी एग्जॉटिक लुक देता है।

**बतौर एक्सेसरी :** अपने बालों में हेयरबैंड की तरह स्कार्फ बांध लीजिए। यदि यह नहीं जम रहा है तो बांदना की तरह इस्तेमाल करके बालों को आधा ढक लीजिए। यह स्पोर्टी लुक देगा। यदि बालों को नहीं छेड़ना चाहती तो बैग के इर्द-गिर्द स्कार्फ बांध लीजिए।

**फॉर्मल के साथ :** नेकटाई की तरह स्कार्फ को बांध सकती हैं।

**कैजुअल के साथ :** छोटे स्कार्फ को कलाई पर बांध सकती हैं। चाहें तो दो अलग रंग के स्कार्फ का प्रयोग साथ कर सकती हैं।

**खरीदते समय जरूरी बातें**
- प्योर कॉटन स्कार्फ का इस्तेमाल साल भर किया जा सकता है।
- शिफॉन फैब्रिक का स्कार्फ भी अच्छा विकल्प है लेकिन इसे छोटे साइज का खरीदिए और गले या कलाई पर बांध लीजिए।
- प्योर क्रेप और सिल्क भी पूरे साल प्रयोग कर सकती हैं।

**स्कार्फ का ध्यान**
- लाइट डिटजट में धोना चाहिए। उसके बाद माइल्ड फैब्रिक सॉफ्टनर में डुबोइए ताकि इसके लुक और कलर पर कोई असर न पड़े।
- सिल्क स्कार्फ को सिर्फ ड्राईक्लीन किया जा सकता है।
- वूलेन को हल्के हाथों से धोइए।
- कॉटन स्कार्फ को मशीन वॉश कर सकती हैं।

## सब्जियों को पकाने के कुछ नियम

- सब्जी काटने से पहले अच्छी तरह धो लें, काटने के बाद धोने से सब्जी के तत्व नष्ट हो जाती है।
- पत्तेदार सब्जी लौह तत्व से भरपूर होती है, अत: इन सबका प्रयोग सलाद में करें या हल्की उबाल कर कम मसाले के साथ सेवन करें।
- सब्जी पकाते समय ज्यादा तेल का प्रयोग कम करें।
- सब्जियों को जरूरत से ज्यादा देर तक न पकाएं, इससे उनकी पौष्टिकता नष्ट हो जाती है।
- खाने में अधिक मिर्च-मसाला का प्रयोग सब्जी के प्राकृतिक स्वाद और उर्जा को कम कर देती है।
- हमेशा ताजी सब्जियां ही प्रयोग करें।
- बासी, फ्रिज में रखी सब्जियों को बार-बार गरम न करें।
- छिलके सहित रेशेदार सब्जियों का यथासंभव उपयोग करना चाहिए।
- सब्जियों को उबालते वक्त उपयोग किए पानी को अगर फेंक दिया जाए तो पानी में घुलनशील होने के कारण बहुत अधिक मात्रा में बिटामीन 'बी' और बिटामीन 'सी' निकल जाते हैं।

# जुल्फों को रखें सहेज कर



**चेहरे** की सुंदरता काली घनी जुल्फों के बिना अधूरी सी रह जाती है। जैसे-जैसे वक्त बदलता गया, वैसे-वैसे इन जुल्फों को सजाने-संवारने का तरीका भी बदलता गया। आज कोई लम्बी घनी जुल्फों को सजाने-संवारने में दिन-रात एक कर देता है तो कोई उन्हें बॉय कट स्टाइल में छोटे करवा लेता है। इन रेशम-सी जुल्फों पर तो अब रंग भी चढ़ाया जाने लगा है। भूरे, लाल, हरे, रंग में रंग कर महिलाएं इन्हें और आकर्षक बना रही हैं लेकिन महिलाओं में आम शिकायत है कि उनके बाल लम्बे नहीं या रूखे व बेजान है। कुछ महिलाएं रूसी के कारण परेशान हैं। वैसे तो खान-पान व रहन-सहन और आपके दैनिक क्रियाकलापों का असर आपके बालों पर भी पड़ता है। तो चलिए कुछ ऐसा करें कि आपके बाल और अधिक सुंदर, आकर्षक, नर्म व मुलायम बनें :-

- बालों को हमेशा ठंडे पानी से धोएं।
- हफ्ते में दो बार किसी अच्छे शैम्पू से बाल धोएं।
- बालों पर कलर करवाने से पहले त्वचा के रंग, हेयर स्टाइल को ध्यान में रखें।
- सप्ताह में दो बार नारियल तेल से बालों में हल्के-हल्के मालिश करें।
- धूप, धूल व मिट्टी से बालों को बचाएं।
- मानसिक तनाव बाल झड़ने का कारण बन सकता है। इससे बचने का प्रयास करें।

# सूखी भिंडी

**सामग्री :** 1 कप कटी भिंडी, 3 टेबलस्पून तेल, 3 लहसुन की कली (पिसी हुई), आधा-आधा कप कटी प्याज और टमाटर, 1-1 टीस्पून लालमिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, गरम मसाला और अमचूर पाउडर, 1 टेबलस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून नींबू का रस और नमक स्वादानुसार।

**विधि :** कड़ाही में तेल गर्म करें और भिंडी को 1-2 मिनट तक तल लें। तेल सोखने वाले पेपर पर डालकर अलग रखें। 2 टेबलस्पून तेल कड़ाही में गर्म करें और लहसुन का पेस्ट डालकर 1-2 मिनट तक भूनें। प्याज डालें और उन्हें सुनहरा होने तक भूनें। अब टमाटर, लालमिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, गरम मसाला, अमचूर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसमें तली हुई भिंडी डाल दें और धनिया पाउडर डालकर मिक्स करें। ढंककर 2-3 मिनट तक पकाएं और गरमा गरम परोसें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 1926




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




**काकुरो - 1925 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- 'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले- 'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली- 'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरबाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूं.'


□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा- 'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूं, वह एक ही जवाब देता है- 'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1926



**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नाडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1925**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | त | | स | फ | र | | आ | क्रो | श |
| य | | | फा | | ह | मे | शा | | |
| ल | व | स्टो | री | | मा | ला | | अं | |
| | ही | | | आ | न | | आ | जा | द |
| अं | दा | ज | | ई | | सं | ग | म | |
| गा | | या | श | ना | | सा | | | खु |
| रे | खा | | ज | | स | र | फ | रो | श |
| | मो | | | सु | र | | श | | बू |
| आ | शी | र्वा | द | | ग | द | र | | |
| र्मी | | | स | न | म | | | यु | वा |

## सूडोकु -1926


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1925 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 1926



**बाएँ से दाएँ**

1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली - 1925 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | म्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

## जीएसटी को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर तीखा हमला, कहा- यह आम आदमी की जेब पर डाका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जीएसटी के मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के सांसद एवं गुजरात प्रदेशाध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने आज कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार देश में जीएसटी के माध्यम से आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही है और पूंजीपतियों को मालामाल कर रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में शक्ति सिंह गोहिल ने जीएसटी को आम लोगों को आतंकित करने वाला टैक्स करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को एमएसपी देने का वादा भूल गई और कपास उत्पादकों के कॉटन पर एडवांस जीएसटी वसूल रही है। ट्रैक्टर और कई अन्य उपकरणों तथा कीटनाशकों पर 28 प्रतिशत तक जीएसटी लिया जा रहा है और अडाणी जैसे औद्योगिक घरानों को बेजा तरीके से फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने करों का सरलीकरण करना चाहा था लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने उसे उलट दिया। आज हालात यह हैं कि देश का आम नागरिक जीएसटी संग्रह में दो तिहाई से ज्यादा योगदान देता है लेकिन सरकार के चहेते पूंजीपतियों का जीएसटी में सिर्फ तीन प्रतिशत योगदान है। टैक्स विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में गरीबी-अमीरी के बीच का फासला बहुत अधिक है। सरकार के चहेते पूंजीपतियों की कमाई खूब बढ़ी और आम नागरिक की खूब घटी।

## अगर इंडिया गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए कोई समय सीमा नहीं है। उन्होंने इसके नेतृत्व और एजेंडे के बारे में स्पष्टता की कमी पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर यह गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनावों के बाद उन्हें सभी गठबंधन सदस्यों को बैठक के लिए बुलाना चाहिए। अगर यह गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए और हम अलग-अलग काम करेंगे, लेकिन अगर यह विधानसभा चुनावों के लिए भी है तो हमें एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से काम करना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल तय करेंगे कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ प्रभावी ढंग से कैसे मुकाबला किया जाए। उमर अब्दुल्ला राजद नेता के इस बयान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे कि इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे याद है इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई थी। मुद्दा यह है कि इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं बुलाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मुख्य नेतृत्व, पार्टी या भविष्य की रणनीति (इंडिया ब्लॉक में) के एजेंडे के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन जारी रहेगा या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है।

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने भारत-नेपाल सीमा का किया दौरा

**सिलीगुड़ी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सिक्किम जाने के क्रम में भारत-नेपाल सीमा का दौरा किया। मंत्री ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र खोड़ीबारी के पानीटंकी पहुंचे और एसएसबी जवानों से बात की। इस दौरान एसएसबी जवान और स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। नित्यानंद राय ने पत्रकारों से कहा कि एसएसबी दो मित्र देशों नेपाल और भूटान की सीमा पर निगरानी करती है। एसएसबी जवान सामाजिक कार्यों के साथ-साथ सीमा पर निगरानी भी रख रहे हैं और आम जनता के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। जबकि भारत का तो नेपाल के साथ रोटी-बेटी का रिश्ता है। बाद में वे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले नेपाली, राजबंशी और आदिवासी समुदाय के कलाकारों को पुरस्कृत कर सिक्किम के लिए रवाना हुए।

## सीबीआई को मिले 57 उप निरीक्षक, गाजियाबाद में 29वें बैच की पासिंग आउट परेड आयोजित

**गाजियाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 57 उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) सीबीआई अकादमी परिसर में आयोजित की गई। इस समारोह में सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद मुख्य अतिथि थे। श्री प्रवीण सूद ने अधिकारियों से उद्यमिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा के सीबीआई मोटो से प्रेरणा लेते हुए अनुशासन के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी शक, बेदाग आचरण के साथ 24×7 पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सीबीआई, किसी भी तरह की चूक के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है एवं इस बात पर जोर दिया कि किसी को लाभ अथवा हानि पहुंचाने के लिए की गई गलती को माफ नहीं किया जाता है। श्री सूद ने परिवारों से अपने अधिकारियों का समर्थन करने का भी आह्वान किया, जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु बड़े बलिदान देने होंगे। इस अवसर पर श्री प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों एवं उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु बधाई दी। जिसमें आधुनिक एवं नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया ।

# सोने-चांदी के तारों से बनी पीतांबरी धारण करेंगे रामलला

एजेंसी

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। 11 जनवरी से शुरू होने जा रहे समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज और रामलला का अभिषेक करेंगे। रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पीतांबरी पहनाई जाएगी। यह दिल्ली में तैयार की जा रही है। इसकी बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही है। यह 10 को अयोध्या पहुंच जाएगी, जिसे 11 को धारण कर रामलला दर्शन देंगे। महोत्सव 11 से 13 जनवरी तक चलेगा, लेकिन 11 जनवरी का दिन खासा महत्वपूर्ण है। समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से



होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार करीब 110 वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। वहीं अंगद टीला स्थल पर भी एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ÷ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है, जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

## सुरक्षाबलों ने कुलगाम में एक संदिग्ध आतंकवादी को किया गिरफ्तार



एजेंसी

**कुलगाम।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक असॉल्ट राइफल बरामद की गई है। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने जानकारी दी कि कुलगाम के कैमोह के थोकरपुरा मोहल्ले में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तारी की गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध आतंकवादी के पास से 01 एके राइफल, 04 एके मैगजीन, 120 एके राउंड, 02 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया है।

## राहुल गांधी 13 जनवरी को सीलमपुर रैली से करेंगे चुनावी शंखनाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दिल्ली विधानसभा के चुनावी अभियान का आगाज सीलमपुर से करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार वह यमुनापार के सीलमपुर में 13 जनवरी को जनसभा करेंगे। सीलमपुर अल्पसंख्यक बहुल विधानसभा सीट है। 1998 से डेढ़ दशक तक दिल्ली की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस पार्टी दिल्ली विधानसभा के पिछले दो चुनावों में खाता खोलने में विफल रही है। कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार को हटाकर सत्ता में वापसी करने के लिए प्रयासरत है। इसी इरादे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) की सहयोगी रही आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर कांग्रेस अब विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतार रही है। सीलमपुर विधानसभा सीट पर पार्टी ने इस बार अब्दुल रहमान पर दांव लगाया है, जो 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुने गए थे। वो अब दल बदल कर कांग्रेस में आ गए हैं। 2020 में उन्हें 72 हजार 694 मत मिले थे, जो 56 प्रतिशत से



अधिक था। भाजपा के कौशल कुमार मिश्रा 35 हजार 619 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि कांग्रेस के कद्दावर नेता और उम्मीदवार रहे चौधरी मतीन अहमद को सिर्फ 20 हजार 207 मत ही मिले थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में आआपा और कांग्रेस दोनों को एक भी सीट नहीं मिली थी। उस समय दिल्ली में हुई हार के लिए कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया था। अब तो कांग्रेस के बड़े नेता भी खुलेआम यह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनावों में आआपा के साथ किया गया गठबंधन कांग्रेस की बहुत बड़ी गलती थी। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जहां सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं कांग्रेस ने अभी तक 48 सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने अभी 29 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में सत्ता में आने पर प्यारी दीदी योजना और जीवन रक्षा योजना लागू करने की घोषणा की है।

## योगी आदित्यनाथ आकाशवाणी के विशेष 'कुंभवाणी' चैनल और 'कुंभ मंगल' धुन का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को प्रयागराज में आकाशवाणी के विशेष 'कुंभवाणी' चैनल (एफएम 103.5 मेगाहर्ट्ज) और 'कुंभ मंगल' धुन का लोकार्पण करेंगे। कुंभ की पूरी अवधि के दौरान आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल प्रयागराज का आंखों देखा हाल देश एवं दुनिया तक पहुंचाकर महाकुंभ की परंपरा को बढ़ावा देगा व श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि लोकसेवा प्रसारक प्रसार भारती की यह पहल न केवल भारत में आस्था की ऐतिहासिक परंपरा को बढ़ावा देगी, बल्कि श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण जानकारी देगी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का घर बैठे अनुभव करवाएगी। अपनी सेवाएं देगा। इस दौरान मुख्य स्नान पर्वों (14 और 29 जनवरी, 3 फरवरी) का आंखों देखा हाल भी प्रसारित किया जाएगा।

कुंभ क्षेत्र की गतिविधियों पर प्रतिदिन लाइव रिपोर्टिंग के साथ



सांस्कृतिक धरोहर पर विशेष प्रस्तुतिः

धारावाहिक 'शिव महिमा' और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

इन कार्यक्रम के अलावा युवाओं, महिलाओं और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों पर विशेष प्रस्तुतियां, यात्रा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, खोया-पाया और क्या करें-ना करें से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी।आकाशवाणी ने सदैव एक लोक प्रसारक की भूमिका निभाते हुए भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं को बढ़ावा दिया है। वर्ष 2013 के कुंभ और 2019 के अर्ध-कुंभ में कुंभवाणी चैनल ने श्रोताओं के बीच लोकप्रियता अर्जित की थी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महाकुंभ 2025 के लिए यह विशेष चैनल पुनः स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

# बीजापुर में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों को उत्साहवर्धन के लिए शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि भी दी गई। राज्य सरकार की नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना के साथ ही क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना के फलस्वरूप मध्यप्रदेश के गोंदिया डिवीजन में नक्सली संगठन में सक्रिय और 13 लाख रुपये के इनामी 13 नक्स्लियों ने आज सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें पांच लाख रुपये का इनामी मुन्ना ककेम पिता सुकलू ककेम निवासी कोरसा गुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, पांच लाख रुपये का इनामी सुखराम हेमला पिता पाण्डू हेमला निवासी काकेकोरमा राजापारा थाना



बीजापुर,एक लाख रुपये का इनामी देवे मड़कम ऊर्फ चांदनी पति नंदू अवलम ऊर्फ दुर्गेश निवासी फूलनपाड़ गोलापारा थाना चिन्तलनार सुकमा, एक लाख रुपये का इनामी नन्दू अवलम ऊर्फ दुर्गेश ऊर्फ कोटेश निवासी बेदरे रोडपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा और एक लाख रुपये का इनामी भीमा वेको पिता मंगडू वेको निवासी काउरगुटटा जीरापारा थाना- पामेड़, बीजापुर शामिल हैं। इसके अलावा बिच्चेम मुड़मा पिता भीमा मुड़मा निवासी कोण्डापल्ली तामोपारा थाना तर्रेम बीजापुर, लालू माड़वी ऊर्फ गोटा पिता कोसा माड़वी निवासी गुज्जाकोंटा स्कूलपारा थाना फरसेगढ़, बीजापुर, देवे मड़कम ऊर्फ जानकी पति मंगू कुरसम ऊर्फ पापन्ना निवासी मेटटागुड़ा पटेलपारा थाना पामेड़ बीजापुर, समैया सुन्नम पिता लक्ष्मैया सुन्नम निवासी सेण्ड्राबोर एमपुरापारा थाना पामेड़, भीमा नुपो पिता आयता नुपो निवासी काउरगुटटा मिसापारा थाना पामेड़ बीजापुर, कोसा मड़कम पिता हिड़मा मड़कम निवासी काउरगुटटा गोल्लापारा थाना पामेड़, बुधू मड़कम पिता हड़मा मड़कम निवासी काउरगुटटा जिला बीजापुर और पोज्जे नुपो पति जोगा नुपो निवासी काउरगुटटा जीरापारा थाना पामेड़ बीजापुर ने भी सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

इस मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विजय कुमार पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स यूलैंडन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार एवं उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू उपस्थित रहे।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पहुंचे तिरुपति, अस्पताल जाकर भगदड़ के घायलों से मिले

एजेंसी

**तिरूपति।** तिरूपति में भगदड़ वाले केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू एसवीआईएमएस (स्विम्स) अस्पताल पहुंचे। यहां भगदड़ में घायल हुए करीब 35 लोगों का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री ने इन पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने स्विम्स के डॉक्टरों से बात की और घायलों को बेहतर इलाज देने का सुझाव दिया। इससे पहले सीएम ने तिरूपति में उन केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां भगदड़ मची थी। मुख्यमंत्री ने घटना के कारणों और पीड़ितों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सहायता के बारे में जानकारी। इस मौके पर सीएम ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी), जिलाधिकारी, एसपी समेत अन्य अधिकारियों पर अपना नाराजगी जाहिर की। सीएम ने बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी श्यामल राव से पूछा कि यह घटना क्यों घटी। भक्तों की भीड़ देखकर टिकट देने की उचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई भक्तों से शिकायत मिलने के बाद आपने क्या किया मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्यों टेक्नोलॉजी का उपयोग नहीं किया गया। भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटें, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। सीएम ने एंबुलेंस की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। वैकुंठ द्वार दर्शन टोकन वितरण केंद्रों पर भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत के मद्देनजर आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण तिरुपति पहुंचे। पवन कल्याण ने बैरागीपट्टेड़ा के पद्मावती पार्क का निरीक्षण किया, जहां भगदड़ में श्रद्धालुओं की जान चली गई। संयुक्त जिलाधीश शुभम बंसल और पुलिस के एसएसपी चेंचूबाबू ने पवन को घटना के बारे में समझाया।

# जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट देश के जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट देश के जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की मदद से हम देश में डायवर्स जेनेटिक रिसोर्स बनाने में सफल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुआत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत ने शोध की दुनिया में बहुत ही ऐतिहासिक कदम उठाया है। पांच साल पहले जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया था। इस बीच कोविड की चुनौतियों के बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत से इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। मोदी ने कहा कि इस शोध में




आईआईएससी, आईआईटी, सीएसआईआर और डीबीटी-ब्रिक जैसे 20 से अधिक प्रतिष्ठित शोध संस्थानों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 10 हजार भारतीयों के जीनोम अनुक्रमों (सीक्वेंसिंग) से युक्त डेटा अब भारतीय जैविक डेटा केंद्र में उपलब्ध है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी और उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी।प्रधानमंत्री ने कहा कि जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट भारत की जैव-प्रौद्योगिकी क्रांति का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस प्रोजेक्ट की मदद से हम देश में एक विविध आनुवंशिक संसाधन बनाने में सफल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में 10 हजार लोगों की जीनोम अनुक्रमण (सीक्वेंसिंग) किया गया है। यह डेटा अब वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को भारत के आनुवंशिक परिदृश्य को समझने में मदद करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह जानकारी देश के लिए नीति-निर्माण और योजना बनाने में बहुत सहायक होगी। भारत की विशालता और विविधता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रोगों की प्रकृति बहुत भिन्न होती है, जिससे प्रभावी उपचार निर्धारित करने के लिए जनसंख्या की आनुवंशिक पहचान को समझना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने आदिवासी समुदायों में सिकल सेल एनीमिया की महत्वपूर्ण चुनौती और इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय मिशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समस्या अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न हो सकती है और भारतीय आबादी के अद्वितीय जीनोमिक पैटर्न को समझने के लिए एक संपूर्ण आनुवंशिक अध्ययन आवश्यक है। मोदी ने कहा कि यह समझ विशेष समूहों के लिए विशिष्ट समाधान और प्रभावी दवाइयां विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इसका दायरा बहुत व्यापक है और सिकल सेल एनीमिया सिर्फ एक उदाहरण है।

## आरजी कर मामले में फैसला 18 जनवरी को

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियालदह अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली है। 18 जनवरी को मामले में फैसला सुनाया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच की। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपित बनाया। सीबीआई ने अदालत में उसकी अधिकतम सजा फांसी देने की मांग की है। इस घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा किया, जिससे डॉक्टरों और महिलाओं के समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। सुरक्षा उपायों की मांग और न्याय की पुकार के साथ, यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र बना। इस घटना के बाद, देशभर में डॉक्टरों




की हड़तालें और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियानों में वृद्धि देखी गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स के गठन का निर्देश दिया। कोलकाता के चिकित्सा समुदाय ने वारदात के बाद से ही लगातार आंदोलन किया है जो अभी भी किसी ने किसी रूप में जारी है। नौ अगस्त 2024 को कोलकाता के आर.जी. कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में 31 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। मामले में सीबीआई ने सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया और एकमात्र आरोपित के रूप में नामजद करते हुए चार्जशीट दाखिल की। 11 नवंबर 2024 से सियालदह अदालत में सुनवाई शुरू हुई। आज (गुरुवार) सुनवाई पूरी हुई। अब 18 जनवरी को मामले में फैसला सुनाएगा जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। घटनास्थल से विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई हैं। मारे गए तीनों नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने पत्रकारों को बताया कि एक दिन पहले बुधवार को सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुकमा डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा की संयुक्त टीम नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कंछाल और पल्लीगुड़ा के जंगल में सुरक्षा बल के जवान सर्चिंग करते हुए इलाके में आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान घात लगाए नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। दोनों और से करीब 07 घंटे तक रुक-रुककर



फायरिंग हुई। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान तीन नक्सलियों का शव बरामद किया गया। तीनों नक्सलियों की शिनाख्त की कार्रवाई की जा रही है।

## राजधानी में फिर से लागू ग्रैप-3 की पाबंदियां, एक्यूआई 357 के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 357 के पार दर्ज किया गया। स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी में फिर से ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान के चरण तीन की पाबंदियां लागू करने का फैसला किया है। यह पाबंदियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इसी के साथ राजधानी में निर्माण और तोड़ फोड़ के कार्यों पर

CAQM
Commission for Air Quality Management




प्रतिबंध लगा दिया गया है। ग्रैप-3 के तहत दिल्ली में माल ढुलाई के लिए बीएस चार के डीजल इंजन वाले एमजीवी (मीडियम गूड्स व्हीकल) पर प्रतिबंध रहेगा। इस प्रतिबंध से सिर्फ आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट रहेगी। दिल्ली से बाहर पंजीकृत बीएस चार और उससे कम मानक के डीजल इंजन वाहनों को ग्रैप तीन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश वर्जित रहेगा। पहले ये प्रावधान चौथे चरण में शामिल थे। ग्रैप 3 दिल्ली में बीएस-चार या पुराने मानकों वाले गैर-आवश्यक डीजल-संचालित मध्यम माल वाहनों पर भी प्रतिबंध लगता है।ग्रैप तीन में दिल्ली एनसीआर के स्कूल पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में करा सकते हैं। अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लास का विकल्प चयन कर सकते हैं।ग्रैप तीन में दिल्ली सरकार और एनसीआर से संबंधित राज्य सरकारें सरकारी विभागों और सिविक एजेंसियों के कार्यालय के समय में बदलाव कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले ही राजधानी से ग्रैप तीन की पाबंदियां हटाई गई थी। सीएक्यूएम ने जारी आदेश बताया कि दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुबह से इजाफा हो रहा था। शाम चार बजे एक्यूआई 350 के स्तर को पार कर गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एख्यूआई 357 पर पहुंच गया। जिसके बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप -3 की पाबंदियां लागू कर दी गई। आयोग ने बताया कि मौसम के पूर्वानुमान की समीक्षा करने के बाद यह फैसला लिया गया।

## 'फतेह' की रिलीज से पहले सुकेश ने

# जैकलीन फर्नांडिज

## को लिखा लेटर, माफी मांगते हुए कहा- तुम्हें हमारे प्यार पर गर्व होगा







एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के नाम ठग सुकेश चंद्रशेखर का एक और लेटर सामने आया है. इसमें सुकेश ने जैकलीन को नए साल की बधाई दी है और आने वाली फिल्म फतेह के लिए भी दुआएं दी हैं. सुकेश ने एक्ट्रेस से माफी भी मांगी है और नई शुरुआत करने का वादा भी किया है. उस लेटर में सुकेश ने 2025 में जैकलीन के साथ नई शुरुआत करने बारे में भी लिखा है.हाल ही में फिल्म फतेह का ट्रेलर आया है तो उस फिल्म के लिए भी जैकलीन के लिए कुछ लिखा है. न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, सुकेश ने जैकलीन को एक लंबा चौड़ा लेटर लिखा है जिसमें ढेर सारी बातों का जिक्र किया गया है.

**सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन के लिए लिखा लेटर**

आईएएनएस के मुताबिक, सुकेश चंद्रशेखर ने अपने लेटर में लिखा, 'मेरी लेडी लव जैकी, मेरी बोटा बोम्मा, तुम्हें नया साल मुबारक हो. बेबी गर्ल, 2025 ये हमारा साल है. वो साल जिसमें मैं तुम्हारे लिए अपने प्यार को साबित करने जा रहा हूं और अपने प्यार के लिए सबसे बड़ा सरप्राइज देने जा रहा हूं. इस दुनिया के सामने जो सोचती है मैं जुनूनी हूं. इसमें कोई शक नहीं कि मैं तुम्हारा दीवाना हूं, मेरी बेबी मैं जानता हूं कि तुम भी मुझसे बहुत प्यार करती हो. 'सुकेश ने आगे लिखा, 'हम पुराने समय के हैं, अगर आप सच में किसी के लिए प्यार शब्द को समझते हैं तो आपको अपने साथी के प्यार में डूबे रहना चाहिए, दुनिया क्या सोचती है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, सिर्फ इतना मायने रखता है कि तुम क्या महसूस करती हो.' सुकेश ने लेटर में आगे लिखा, 'सबसे जरूरी बात दुनिया को ये साबित नहीं करना है कि क्या सच है या क्या झूठ, बस ये बताना है कि हमारा एक-दूसरे से प्यार सच्चा है बस.'

अंत में सुकेश ने लिखा, 'बेबी इस साल सरप्राइज की लिस्ट का इंतजार अब नहीं होता. मैं एक्साइटेड हूं. सबसे पहले एक साथ वापस आना और दुनिया को एक दूसरे के लए अपने प्यार में रंगना. बेबी गर्ल एक बार फिर आपसे हर चीज के लिए माफी मांगता हूं. इस साल 2025 की नई शुरुआत होगी, मैं वादा करता हूं कि एक दिन तुम्हें हमारे प्यार पर गर्व होगा. मैं तुम्हे फतेह के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं.'

**कौन है सुकेश चंद्रशेखर ?**

36 साल का सुकेश चंद्रशेखथर कर्नाटक के बैंगलोर से है. इसने एक्ट्रेस लीना मारिया पॉल से शादी की थी जो ठग के मामले में इनका साथ देती थी. सुकेश जब 17 साल का था तब पहली बार धोखाधड़ी के मामले में इ्हें गिरफ्तार किया गया था. लगभग 9 साल पहले पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया था और सुकेश अभी भी जेल में है. सुकेश का कहना रहा है कि वो एक्ट्रेस जकलीन फर्नांडिज को डेट करते हैं और आज भी उनके बीच रिश्ता है.

## रोमांटिक सीन के दौरान पहुंचती थीं पत्नी तो क्या करते थे शत्रुघ्न सिन्हा? एक्टर ने बताया सच



बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा बहुत ही बेबाक एक्टर हैं. वो अपने बारे में किसी भी टॉपिक पर खुलकर बात करना पसंद करते हैं. जब एक शो में शत्रुघ्न सिन्हा से पूछा गया कि रोमांटिक सीन करते समय अगर बीवी अचानक आ जाए तो वो क्या करते हैं ? इसपर एक्टर का जवाब सुनकर आपकी हंसी छूट जाएगी. साथ ही एक्टर ने एक ऐसा किस्सा सुनाया, जिसे सुनने के बाद वहां बैठे लोग ठहाके लगाने लगे.

कुछ साल पहले शत्रुघ्न सिन्हा अकेले कपिल शर्मा के शो में पहुंचे थे. वहां उनसे कई मुद्दों पर बात हुई, लेकिन कपिल शर्मा ने एक ऐसा सवाल किया, जिसका जवाब देने से पहले शत्रुघ्न सिन्हा ने कुछ देर का पॉज भी लिया.

**शत्रुघ्न सिन्हा ने दिया कपिल शर्मा के सवाल का जवाब**

कपिल शर्मा ने शत्रुघ्न सिन्हा से सवाल किया, 'सर, कभी ऐसा हुआ, आप कोई रोमांटिक सीन शूट कर रहे हों और अचानक आपकी किसी असिस्टेंट ने कहा हो- पूनम मैम लंच लेकर आई हैं. फिर क्या होता था सर ?' कपिल शर्मा का सवाल सुनकर पहले तो शत्रुघ्न सिन्हा खामोश रहे फिर कपिल की तरफ इशारा करते हुए बोले, 'बताइए, फिर क्या होता था ? अरे सीन बाद में रखवाने को बोलते थे, उनके सामने तो हम वो नहीं कर पाएंगे न.'

शत्रुघ्न सिन्हा आगे कहते हैं, 'इसी से जुड़ा एक किस्सा मैं आपको सुनाता हूं. एक बात याद है, पूनम जी ने मुझे कहा किसी फ्लैट के बारे में. वहां से वो बच्चों को लेकर गुजरा करती थीं तो लोग उनको बताते थे, सुनाते थे. इस फ्लैट में आप अक्सर आते थे, एक बात बताइए, मैं जितनी बार यहां से गुजरी, इस फ्लैट में मैंने कभी लाइट ही नहीं देखी, हमेशा अंधेरा देखा. ऐसा क्यों ? अंधेरा क्यों रहता था ? तो मैंने कहा, मैं कोई किताब पढ़ने थोड़ी आता था वहां.'

**कपिल शर्मा के शो में कई बार आ चुके हैं शत्रुघ्न सिन्हा**

शत्रुघ्न सिन्हा अब अलग-अलग रियलिटी शोज में वाइफ पूनम सिन्हा के साथ जाया करते हैं. कपिल के शो में भी वो कई बार वाइफ के साथ गए हैं. इस दौरान पूनम सिन्हा ने कई बार अपने हसबैंड की टांग खींचते हुए पुराने किस्सों का जिक्र किया. दर्शकों का भी खूब एंटरटेनमेंट होता है और एक्टर भी फिल्मी दुनिया से जुड़े किस्से सुनाया करते हैं.

## बेटे जुनैद के लिए आमिर खान की मन्नत, कहा- स्मोकिंग तक छोड़ देंगे



जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' का गाना सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है. इस फिल्म से जुनैद और खुशी अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं. आमिर खान भी अपनी बेटे की इस फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं. इतना ही नहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जुनैद की फिल्म 'लवयापा' की सफलता के लिए आमिर खान ने एक मन्नत मांगी है. जुनैद की फिल्म अगर बॉक्स ऑफिस पर अच्छा करेगी, तो आमिर खान स्मोकिंग छोड़ देंगे.दरअसल आमिर खान ने अपने बेटे आजाद के जन्म के बाद स्मोकिंग छोड़ दी थी. लेकिन फिल्म 'दंगल' की रिलीज से पहले वो इतने नर्वस हो गए थे कि उन्होंने स्मोकिंग करना शुरू कर दिया था. फिल्म 'लवयापा' से पहले जुनैद खान की पहली फिल्म 'महाराज' थी. लेकिन इस फिल्म से जुड़ी कंट्रोवर्सी के चलते इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया गया था. यही वजह है कि अब 'लवयापा' से जुनैद का बॉलीवुड की दुनिया में डेब्यू हो रहा है. जुनैद के साथ खुशी कपूर भी इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर डेब्यू कर रही हैं, क्योंकि उनकी पहली फिल्म 'द आर्चिज' भी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी. इन दोनों की ये फिल्म 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने जा रही है.

**आमिर खान ने की तारीफ**

हाल ही में न्यूज एजेंसी एएनआई से की बातचीत के दौरान आमिर खान ने जुनैद के फिल्म की खूब तारीफ की. आमिर बोले, मुझे ये फिल्म बहुत अच्छी लगी. जुनैद और खुशी की फिल्म एंटरटेनमेंट से भरपूर है. 'लवयापा' में ये बताया गया है कि किस तरह से आज लोगों की जिंदगी टेक्नोलॉजी और मोबाइल की वजह से पूरी तरह से बदल गई है. किस तरह से इस टेक्नोलॉजी की वजह से लोगों की जिंदगी में मजेदार बातें होती रहती हैं, ये दिलचस्प कहानी ऑडियंस को इस फिल्म में देखने मिलेगी. ये बहुत मजेदार फिल्म है और सभी कलाकारों ने बहुत अच्छा काम किया है.

**मां श्रीदेवी से की खुशी की तुलना**

अपने बेटे जुनैद के साथ-साथ आमिर खान ने जुनैद की को-स्टार और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की भी तारीफ की. उन्होंने कहा कि जब उन्हें ये फिल्म दिखाई गई, तब उन्हें खुशी कपूर में वही एनर्जी नजर आई, जो उनकी मां श्रीदेवी में थी. खुशी कपूर और जुनैद खान की फिल्म का ट्रेलर भी आमिर खान खुद लॉन्च करने वाले हैं. इस फिल्म का ट्रेलर 10 जनवरी 2025 को लॉन्च होने वाला है.

## इससे बेहतर कुछ नहींज्दुआ की मम्मी

# दीपिका पादुकोण

## ने 2024 में मां बनीं महिलाओं से कही ये बात



दीपिका पादुकोण इन दिनों मदरहुड एंजॉय कर रही हैं. एक्ट्रेस ने पिछले साल सितंबर में एक बेटी को जन्म दिया है. रणवीर और दीपिका ने उसका नाम दुआ रखा है. दोनों मीडिया की चकाचौंध से अपनी बच्ची को हर पल बचा रहे हैं. एक्ट्रेस फिलहाल अभी किसी शूटिंग पर नहीं हैं और वो पूरा समय अपनी बेटी को दे रही हैं.

कपल हर पल अपनी बेटी को बड़ा होते हुए देख रहा है और माता-पिता बनने के हर सुख को उठा रहा है. दीपिका भले ही फिलहाल किसी फिल्म की शूटिंग न कर रही हों, लेकिन वो सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ से जुड़ी और पोस्टपॉर्टम जर्नी के बारे में अपडेट देती रहती हैं.एकबार फिर से दीपिका पादुकोण ने नई-नवेली माओं और उनके स्ट्रगल्स पर बात की है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साल 2024 में बच्चे को जन्म देने वाली माओं को खास सलाह भी दी है.



**दीपिका पादुकोण ने नई मांओं को दी सलाह**

दीपिका की पोस्ट में लिखा है, 2024 में बच्चे को जन्म देने वाली माएं ध्यान दें, जब आप साल के अंत में सभी की हाईलाइटेड रील्स देखती हैं तो याद रखें कि आपका शरीर बढ़ गया है और आपने एक इंसान को इस साल जन्म दिया है. तो इससे बेहतर कुछ नहीं है. इस पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए दीपिका ने आमीन लिखा है. इससे पहले एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने पोस्टपार्टम चैलेंज, स्लीपिंग साइकल का बदलना और तनाव के बारे में बात की थी.

**बेटी के जन्म के बाद ऐसी है दीपिका की हालत**

दीपिका पादुकोण ने बताया था कि उनको बर्नआउट का सामना कर पड़ रहा है. एक्ट्रेस ने कहा था, जब आपके अंदर नींद की कमी हो जाती है या जब आप मेंटली बहुत थक जाते हैं तो इस वजह से आपके सारे फैसले प्रभावित होते हैं.

# पार्वती घाटी में घूमने की हैं कई बेहतरीन जगहें



पार्वती घाटी के दूर के छोर पर स्थित, तोश को सुंदर घाटी का अंतिम गाँव माना जाता है जो हिप्पी और साहसिक उत्साही लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। तोश की सड़क लंबी और घुमावदार है। तोश अन्य शहरों के विपरीत है जो मणिकरण या कसोल जैसे पार्वती नदी के साथ स्थित हैं।

**भारत** अपनी भौगोलिक विविधता के लिए जाना जाता है और यही कारण है कि यहां के हर राज्य में आपको प्रकृति का एक अलग सौंदर्य देखने को मिलेगा। ऐसा ही एक स्थान हिमाचल प्रदेश में भी स्थित है। भुंतर से स्पीति तक फैली, पार्वती घाटी हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है। घाटी के पास घूमने के लिए कई आकर्षक स्थान हैं। रुद्र-नाग, सर्प के आकार का झरना, खिरगंगा के देवदार के जंगल जहाँ भगवान शिव का ध्यान किया जाता है, पांडु पुल का चट्टान का निर्माण और पिन-पार्वती दर्रा कुछ लोकप्रिय पर्यटन आकर्षण हैं। पिन वैली नेशनल पार्क एक अन्य पर्यटक आकर्षण है और यह हिम तेंदुए सहित वन्यजीवों की आबादी के लिए जाना जाता है। तो चलिए आज हम आपको पार्वती घाटी के आसपास घूमने की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं-

### कसोल

हिमाचल प्रदेश में मिनी इज़राइल के रूप में जाना जाता है, कसोल पार्वती घाटी में एक हिल स्टेशन है। यह कुल्लू से 42 किमी पूर्व में 1640 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कसोल अपनी सुंदर घाटी, पहाड़ों और महान जलवायु के कारण पूरे वर्ष बैकपैकर्स, ट्रेकर्स और प्रकृति के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर मौजूद कैफे और रेस्तरां स्थानीय व्यंजनों के साथ इजरायल के व्यंजन परोसते हैं। कसोल में पार्वती नदी सफेद पानी राफ्टिंग के लिए आदर्श है। कसोल में पूरे साल सुखद मौसम रहता है। कसोल घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से मई तक है।

### तोश

पार्वती घाटी के दूर के छोर पर स्थित, तोश को सुंदर घाटी का अंतिम गाँव माना जाता है जो हिप्पी और साहसिक उत्साही लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। तोश की सड़क लंबी और घुमावदार है। तोश अन्य शहरों के विपरीत है जो मणिकरण या कसोल जैसे पार्वती नदी के साथ स्थित हैं। हालाँकि कुछ हद तक इसका व्यवसायीकरण हो गया है, फिर भी सड़कें, दुकानें और घर समान हैं। आप दिन में अपने चारों ओर बर्फ से ढके पहाड़ों और ग्लेशियरों को देख सकते हैं और रात में आकाश में फैले मिल्की वे को देख सकते हैं। या आप पास के ट्रेकिंग ट्रेल्स पर घूमने जा सकते हैं।

### रसोल

पार्वती घाटी के लोकप्रिय शहर कसोल से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित, रशोल या रसोल एक गाँव है जो तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। पार्वती नदी की भीड़ से दूर, रसोल पहाड़ों में ऊंचे स्थान पर स्थित है, जो समुद्र तल से लगभग 3,000 मीटर की ऊंचाई पर है।



# एडवेंचर्स प्लेसेस पर घूमना लगता है अच्छा तो शादी से पहले एक बार इन जगहों पर जरूर जाएं

**भारत** एक टूरिस्ट फ्रेंडली देश है। यहां अंतरराष्ट्रीय से लेकर घरेलू पर्यटकों के देखने व घूमने के लिए काफी कुछ है। फिर भले ही आप प्रकृति प्रेमी हों या कुछ वक्त शांत माहौल में खुद के साथ बिताना चाहते हैं। आपको बीचेस पर घूमना पसंद हो या फिर कुछ रोमांचक करना, भारत में आपको हर तरह की एक्टिविटी करने का मौका मिलेगा। आज इस लेख में हम आपको भारत की कुछ एडवेंचर्स जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप भरपूर मौज-मस्ती करके एक नया एक्सपीरियंस ले सकते हैं। तो चलिए जानते हैं भारत की कुछ एडवेंचर्स प्लेसेस के बारे में-

### ऋषिकेश

ऋषिकेश उत्तरी राज्य उत्तराखंड में गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह शहर ज्यादातर तीर्थस्थल है और इसे भारत की योग राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, रोमांच चाहने वाले पर्यटकों के लिए यहाँ कुछ साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। आप गंगा नदी में राफ्टिंग, रॉक एंड क्लिफ चढ़ाई जैसी गतिविधियां कर सकते हैं, पास के जंगल में एक सर्वाइवल कैंप में भाग ले सकते हैं या बंजी जंपिंग भी कर सकते हैं।

### लद्दाख


लद्दाख को कई मठों की भूमि के रूप में जाना जाता है। यह शहर भारत में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित है। यहां के आसपास की भूमि की स्थलाकृति, ट्रेकिंग और राफ्टिंग के लिए एक आदर्श स्थान है। लद्दाख की प्रसिद्ध चदर ट्रेक, जो एक जमी हुई नदी पर एक ट्रेक है, यहाँ होता है। इसके अलावा, आप खूबसूरत ज़ांस्कर घाटी में राफ्टिंग कर सकते हैं।

### गुलमर्ग

गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित है। यहां पर आने के बाद आपको स्विट्जरलैंड के एक विशिष्ट गांव की याद जरूर आएगी। पूरा शहर एक उच्च ऊँचाई पर स्थित है और भारी बर्फबारी का सामना करता है। यहां प्राप्त बर्फबारी होने के कारण, हेलि-स्कीइंग यहां का एक लोकप्रिय रोमांचक खेल है। हेलि-स्कीइंग में स्की पर हेलीकॉप्टर से कूदना और कठोर ठंडी हवाओं का सामना करना शामिल है।

### मनाली

मनाली उत्तरी राज्य हिमाचल प्रदेश में स्थित एक टाउनशिप है और एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है। मनाली में आपको कई एडवेंचर्स एक्टिविटी जैसे पार्वती घाटी में ट्रैकिंग आदि करने का मौका मिलेगा। हालांकि, यहां सबसे प्रसिद्ध रोमांचक गतिविधियों में से एक बाइकिंग करना है। मार्ग आपको मनाली में स्थित विभिन्न गाँवों और इसके आसपास के इलाकों में ले जाएंगे। इस दौरान आपको कुछ सुंदर परिदृश्यों से गुज़रना होगा और वास्तव में आप इस जगह का अनुभव कर सकते हैं।



ऋषिकेश उत्तरी राज्य उत्तराखंड में गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह शहर ज्यादातर तीर्थस्थल है और इसे भारत की योग राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, रोमांच चाहने वाले पर्यटकों के लिए यहाँ कुछ साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

# पुदुचेरी में यह जगह करवाएंगी आपको एक अलग अनुभव

**तमिलनाडु** राज्य का पुदुचेरी शहर कई मायनों में देश के अन्य शहरों से काफी अलग है। दरअसल, तमिलनाडु के पुदुचेरी में करीबन 300 साल तक फ्रांसीसी अधिकार रहा, जिसका व्यापक प्रभाव इस शहर पर पड़ा। आज भी पुदुचेरी में आपको फ्रांसीसी वास्तुशिल्प और संस्कृति की छटा दिखेगी। इतना ही नहीं, यहां का प्राकृतिक सौंदर्य तो अनुपम है ही, साथ ही इसका अपना एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। घुमक्कड़ी के शौकीन लोगों को एक बार इस शहर का भी दौरा करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पुदुचेरी में घूमने लायक कुछ अच्छी जगहों के बारे में बता रहे हैं-

### गिंगी किला

पुदुचेरी में घूमने के लिए गिंगी किला सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। किले को 1921 में एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित किया गया है। एक अद्वितीय वास्तुशिल्प उपलब्धि होने के अलावा यह राज्य के कुछ महत्वपूर्ण किलों में से एक है। इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों को पुदुचेरी में छुट्टियों में इस जगह पर एक बार जरूर जाना चाहिए।

### श्री गोकिलम्बल थिरुवमेश्वर मंदिर

पुदुचेरी में देखने के लिए अद्वितीय स्थानों में से एक, मंदिर में एक विशाल 15 मीटर लंबा मंदिर रथ है जो आम तौर पर ब्रह्मोत्सवम के दौरान एक जुलूस पर निकाला जाता है, जो मूल रूप से पुदुचेरी का वार्षिक उत्सव है। यह 2 दिनों में पुदुचेरी में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

### जवाहर टॉय म्यूजियम

पुदुचेरी में देखने के लिए अद्वितीय स्थानों में से एक, जवाहर टॉय म्यूजियम एक डॉल हाउस है, जिसमें विभिन्न भारतीय राज्यों से लाए गए 140 से अधिक डॉल हैं। जवाहर टॉय म्यूजियम मुख्य शहर में, पुराने प्रकाश स्तंभ पर स्थित है, जो गांधी मैदान के पास है। इस संग्रहालय में कुछ दुर्लभ सजावटी गुड़िया और खिलौने हैं। यह केवल बच्चों और स्कूल के छात्रों को ही नहीं, बल्कि हर आंगतुक को एक आनंदमय अनुभव प्रदान करते हैं।

### चुन्नमबार बोट हाउस

पुदुचेरी के प्राचीन बैकवाटर पर नाव की सवारी करके आप यकीनन खुद को प्रकृति के करीब पाएंगे। चुन्नमबार बोट हाउस प्रकृति प्रेमियों के लिए यकीनन एक बेहतरीन जगह है, जहां पर आप न केवल नाव की सवारी कर सकते हैं, बल्कि आश्चर्यजनक प्राकृतिक स्थानों का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### सीता कल्चरल सेंटर

पुदुचेरी में सीता कल्चरल सेंटर एक बहुत प्रसिद्ध फ्रेंको-भारतीय सांस्कृतिक केंद्र है और पुदुचेरी में घूमने के लिए कई स्थानों में से एक है। कैंडप्पा मुदलियार स्ट्रीट पर स्थित, यह पुदुचेरी के सबसे बेहतरीन पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यहां पर इंडियन कुकिंग, कोलम लर्निंग, आयुर्वेदिक मेडिसिन, योगा, पिलेट्स, और तमिल भाषा से, विभिन्न दिलचस्प मल्टीपल और सिंगल सेशन क्लास हैं।

